इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -243 राजनांदगांव, शनिवार 20 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## एक सॉफ्टवेयर अपडेट और 15 घंटे माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस ठप्प : दुनियाभर में 1400 फ्लाइट कैंसिल

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम विंडोज-10 का इस्तेमाल करने वाले टर्मिनलों में ब्लू स्क्रीन आने की वजह से शुक्रवार को दुनिया एक तरह से ठहर सी गई। इस कारण कई देशों में उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, बैंकों एवं अस्पतालों की प्रणालियां ऑफलाइन हो गई एवं मीडिया प्रतिष्ठानों का कामकाज रुक गया। इस आउटेज की वजह से दुनियाभर की कंपनियां और सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

### भारत में दिखा व्यापक असर

भारत के जनजीवन पर भी इसका व्यापक असर हुआ। इसकी वजह से जहां दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु समेत कई शहरों में 200 से ज्यादा उड़ान सेवाओं के बाधित होने से यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं, शेयर बाजार से जुड़ी ब्रोकर एजेंसियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ है, जिसकी वजह से शेयर कारोबार को लेकर दिक्कतें पैदा हुईं।

### भारत के बैंकिंग व वित्तीय सेक्टर पर कोई बड़ा असर नहीं

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी, होंडा व



### बैंक-स्टॉक मार्केट पर भी असर; ब्रिटेन में टीवी चैनल का प्रसारण रुका

कुछ दूसरी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भी कहा कि उनका कामकाज प्रभावित हुआ है। अमेरिका व पश्चिमी देशों के बैंकिंग सेक्टर की तरह भारत के बैंकिंग व वित्तीय सेक्टर पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। आरबीआई की तरफ से बताया गया कि 10 बैंकों या वित्तीय कंपनियों की सेवाएं प्रभावित हुई थीं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### अमेरिका सहित कई देशों में आपातकाल जैसे हालात

क्राउड स्ट्राइक ने विंडोज-10 को साइबर हमले से ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए एक सिस्टम अपग्रेड किया था, लेकिन इसका तकनीकी तालमेल नहीं बैठ पाया और एक के बाद एक करोड़ों कंप्यूटरों के स्क्रीन नीले (ब्लू स्क्रीन) हो गए। समस्या सामने आने के तुरंत बाद अमेरिका व दूसरे देशों में आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई।

### माइक्रोसॉफ्ट ने जारी किया बयान

शुक्रवार सुबह से ही दिल्ली व कुछ दूसरे शहरों में स्थित हवाई अड्डों पर संचालित कंप्यूटरों का कामकाज प्रभावित होने की सूचना सामने आने लगी थी। माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से बताया गया कि यह समस्या एक थर्ड पार्टी कंपनी क्राउड स्ट्राइक (साइबर सिक्यूरिटी देने वाली सॉफ्टवेयर कंपनी) की वजह से पैदा हुई।

## साय कैबिनेट ने रद्द किए जमीन पट्टे के पुराने सर्कुलर: गुटखा से जुड़े टैक्स विधेयक और कृषि उपज मंडी अधिनियम में भी संशोधन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन होने से अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन द्वारा संचालित ई-नाम पोर्टल (राष्ट्रीय कृषि बाजार) के माध्यम से अधिसूचित कृषि उपज की खरीदी-बिक्री बिना पंजीयन के कर सकेंगे। इससे छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों और विक्रेताओं को अधिकतम मूल्य मिल पाएगा।

संशोधन प्रस्ताव के अनुसार मंडी फीस के स्थान पर अब 'मंडी फीस तथा कृषक कल्याण शुल्क' शब्द जोड़ा जाना प्रस्तावित है। संशोधन प्रस्ताव के अनुसार कृषक कल्याणकारी गतिविधियों के लिए मंडी बोर्ड अपनी सकल वार्षिक आय की 10 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण निधि में जमा करेगा। इस निधि का उपयोग नियमों में शामिल प्रयोजनों के लिए किया जा सकेगा।

### पट्टा के लिए आदेश निरस्त

छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी को हक प्रदान करने के संबंध में मंत्रिपरिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देश और परिपत्रों को निरस्त कर दिया है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन, शासकीय भूमि के आबंटन एवं वार्षिक भू-भाटक के निर्धारण एवं वसूली प्रक्रिया संबंधी 11 सितम्बर 2019 को जारी परिपत्र, नगरीय क्षेत्रों में प्रदत्त स्थायी पट्टों का भूमिस्वामी हक प्रदान किए जाने संबंधी 26 अक्टूबर 2019 को जारी परिपत्र, नजूल के स्थायी पट्टों की भूमि को भूमिस्वामी हक में परिवर्तित किए जाने के लिए 20 मई 2020 को जारी परिपत्र तथा नगरीय क्षेत्रों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सेना व नौसेना प्रमुख सहित 31 अधिकारियों को राष्ट्रपति ने परम विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी सहित 31 वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को शुक्रवार को परम विशिष्ट सेवा पदकों से सम्मानित किया।

श्रीमती मुर्मु ने यहां राष्टपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह के दूसरे चरण के दौरान सैन्य कर्मियों को विशिष्ट और लेखनिया सेवा के लिए ये पदक के प्रदान किए। उन्होंने सशस्त्र बलों और भारतीय तटरक्षक बल के 94 कर्मियों को विशिष्ट सेवा अलंकरण भी प्रदान किए। इन अलंकरणों में 31 परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम), चार उत्तम युद्ध सेवा पदक (यूवाईएसएम), दो बार सहित अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम), और 57 एवीएसएम पदक शामिल हैं।

हाल ही में सेना प्रमुख और नौसेना प्रमुख नियुक्त किए गए जनरल दिवेदी और एडमिरल त्रिपाठी को भी परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ अनेक गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बजट से पहले सरकार पर बरसी कांग्रेस, कहा- 12 करोड़ नौकरियां छिनी; पूंजीपतियों को मिलेगी तवज्जो

नई दिल्ली। चुनावी नतीजों के बाद से आक्रामक कांग्रेस ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए बजट घोषणा से पहले ही आगामी बजट से निराशा जता दी है। बजट अगले हफ्ते आना है लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रोजगार के सवाल को उठाते हुए दावा किया कि अपने वादे के अनुरूप 20 करोड़ नौकरियां देने की बजाय मोदी सरकार ने बीते 10 साल में 12 करोड़ नौकरियां छिनी है।

### पूंजीपतियों के हित को तवज्जो देगी सरकार

पार्टी ने यह आशंका भी जताई कि मोदी सरकार की तीसरी पारी के पहले बजट में बेरोजगारी, बढ़ती असमानता और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लगभग खत्म होने जैसी चिंताओं का कोई समाधान नहीं निकाला जाएगा बल्कि सरकार कुछ अमीर पूंजीपतियों के हित को बजट में तवज्जो देगी।

### जले पर नमक छिड़क रहे पीएम

कांग्रेस ने यह दावा भी किया कि बीते वर्षों की तरह नए बजट में भी अलग-अलग क्षेत्रों में और अधिक एकाधिकार स्थापित करने का आधार तैयार किया जाएगा। अर्थव्यवस्था और रोजगार के बीच गहरे जुड़ाव की ओर इशारा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नौकरियों के संदर्भ में एक्स पर बयान जारी करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी नौकरियों पर एक के बाद एक झूठ बोलकर युवाओं के जले पर नमक छिड़क रहे हैं।



### सुप्रिया ने वित्तमंत्री पर साधा निशाना

कांग्रेस डिजिटल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने 23 जुलाई को आने वाले बजट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सवाल उठाया कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट तैयार करने से पहले उद्योगपतियों, बैंकरों और किसान संगठनों से चर्चा की लेकिन क्या वे उन परिवारों से मिलीं जो दिन में तीन बार खाना भी नहीं खा पा रहे हैं।

### ...तो फिर सच क्या है?

खरगे ने कहा कि ऐसा क्यों है कि रिजर्व बैंक 2012 और 2019 के बीच में रोजगार में 2.1 करोड़ की वृद्धि बताता है जबकि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वृद्धि केवल दो लाख है जबकि दोनों ही रिपोर्टों का मुख्य स्त्रोत सरकारी पीएलएफएस सर्वे ही है तो फिर सच्चाई क्या है?

### सात साल में 54 लाख नौकरियां हुईं खत्म

खरगे ने कहा कि क्या ये सच नहीं है कि सरकारी पीएलएफएस डाटा के मुताबिक जिसका आरबीआई हवाला दे रहा है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमित शाह ने की हाई लेवल मीटिंग : गृह मंत्री बोले- आतंकी नेटवर्क खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में एक हाई लेवल मीटिंग की। जिसमें खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। इस बैठक में अलग-अलग सिक्योरिटी और कानून प्रवर्तन (लॉ एन्फोर्समेंट) एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए। गृह मंत्री शाह की इस बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना और आतंकी गतिविधियों के खिलाफ सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को बेहतर बनाना है। अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा की ओर सरकार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत पर जोर दिया, ताकि आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक इको-सिस्टम को जड़ से खत्म किया जा सके। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## योगी सरकार में मंत्री सोनम चिशती ने दिया इस्तीफा, कहा- मुख्यमंत्री से शिकायत करते-करते थक गई हूं





लखनऊ। किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) सोनम चिशती ने सरकार में सुनवाई न होने का गंभीर आरोप लगाते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। हालांकि, सरकार ने अभी त्यागपत्र को स्वीकार नहीं किया है।

मीडिया से बातचीत में सोनम ने सरकारी अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा, प्रश्न उठाने पर अधिकारी धमकी देते हैं। मुख्यमंत्री से शिकायत करते-करते थक गई हूं। सोनम के इन आरोपों के बाद एक बार फिर नेताओं व कार्यकर्ताओं की सुनवाई न होने का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भी कार्यकर्ताओं की नाराजगी का मामला उठा था। सोनम चिशती ने राज्यपाल को भेजे पत्र में कहा है कि वह लोकसभा चुनाव के परिणाम व भाजपा के खराब प्रदर्शन से आहत होकर हार की जिम्मेदारी लेती हैं। कहा, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहते हुए लोगों के बीच भाजपा को मजबूत करने में असफल रही। इस कारण अपनी अंतरआत्मा से व्यथित होकर सरकारी पद से त्यागपत्र दे रही हूं। इसके बाद भाजपा के संगठन को मजबूत करने के लिए काम करती रहूंगी और पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगी।

सोनम का यह भी आरोप है कि अधिकारियों से बार-बार कहने पर भी किसी जरूरतमंद को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में भी मुश्किल हो रही है। इससे वह काफी आहत हैं।

## 2075 तक अर्थव्यवस्था में अमेरिका को पछाड़ देंगे, पीएम मोदी ने भारत के लोगों से किया बड़ा दावा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश आर्थिक उन्नति और बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट्स के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश 2075 तक अमेरिका को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

पिछले 3-4 साल में 8 करोड़ नौकरियां सृजित की गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नमो एप पर भारत की उपलब्धियों को साझा किया। पीएम मोदी ने बताया कि दिल्ली के रायसीना हिल पर बन रहे संग्रहालय का आकार पेरिस के लूवर संग्रहालय से दोगुना होगा। साल 2025 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा देश का खाद्य बाजार तेजी से बढ़ रहा है। साल 2030 तक यह 5.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

### देश की सुरक्षा पर खर्च बढ़ रहा है- पीएम मोदी

पीएम ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में बढ़ोतरी के लिए देश की सुरक्षा के लिए निगरानी प्रणाली पर खर्च बढ़ रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोयला घोटाले में बड़ी खबर : ईओडब्ल्यू ने पेश किया 6 हजार से ज्यादा पन्नों का चालान



रायपुर। छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाले में ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। ईओडब्ल्यू ने 6 हजार से ज्यादा पन्नों का चालान पेश किया है। ईओडब्ल्यू ने इसके साथ ही आरोपियों को भी कोर्ट में पेश किया।

मिली जानकारी के मुताबिक ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में चालान पेश करने के साथ ही आरोपी मोइनुद्दीन कुरैशी, रोशन कुमार सिंह, पारेख कुमार कुर्रे, राहुल कुमार सिंह, मोंटू उर्फ वीरेंद्र कुमार जायसवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी, निलंबित आईएएस समीर विश्नोई को पेश किया है।

### महादेव बेटिंग एप केस में भी पेश कर सकती है चार्जशीट

उधर महादेव सट्टा एप केस में जांच कर रही ईओडबल्यू पहले से ही जेल में बंद आरोपियों के खिलाफ आज कोर्ट में चालान पेश करने की तैयारी में है। वहीं गुरुवार को महादेव केस में गिरफ्तार बरखास्त आरक्षक सहदेव यादव को कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद स्पेशल कोर्ट ने उसे 25 जुलाई तक श्वह्लङ्ख की रिमांड पर भेज दिया है।ष्ट्रक्के वकीलों के अनुसार इस मामले में पहले से जेल में बंद आरोपियों के खिलाफ आज कोर्ट में (शेष पृष्ठ 6 पर...)




सुपर स्पेशलिस्ट डॉ. - टीम अब राजनांदगांव में उपलब्ध
राजनांदगांव मेडिकोज, सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास 7869899833, 8871626367

| | |
|---|---|
| डॉ. नवीन राम दारुका<br>M.CH (UROLOGY) BHU | पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शनिवार - दोप. 2 :30 से 3 :30 बजे |
| डॉ. रेखराज साहू<br>DNB (UROLOGY), KIMS | पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शनिवार - दोप. 2 :30 से 3 :30 बजे |
| डॉ.आर. के. साहू<br>MD (MEDICINE)<br>DM (NEPHROLOGY) KOL. | किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक गुरुवार - दोप. 3 से 4 बजे |
| डॉ. कुलदीप सिंह<br>MS, M.CH (NEURO) | नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शनिवार - दोप. 3.30 से 4.30 बजे |
| डॉ. नमन पिंचा<br>MBBS, MS (ENT) | नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शनिवार - सुबह 10 से 12 बजे |
| चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग संबंधित सुविधाएं | चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक बुधवार सुबह 9 :30 से 11:30 |

## मुख्यमंत्री-गृहमंत्री ने शहीद जवान को दिया कंधा कहा- बेकार नहीं जाएगी शहादत



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर के माना चौथी वाहिनी बटालियन पहुंचकर जवान भरतलाल साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीएम साय और डिप्टी सीएम ने शहीद के पार्थिव शरीर को कंधा देकर जवान के रायपुर स्थित घर के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस मौके पर कहा, बीजपुर में नक्सली घटना हुई है। बीते 17 जुलाई की घटना है। इस घटना में हमारे दो जवान शहीद हुए। साथ ही चार जवान घायल हुए हैं। कल घायल जवानों से मुलाकात हुई है। सभी खतरे से बाहर है।

### नक्सलियों से लड़ाई मजबूती के साथ जारी रहेगी

नक्सलियों के खिलाफ हमारी लड़ाई लगातार जारी रहेगी। पूरे प्रदेश में नक्सली सिमटते जा रहे हैं। आने वाले समय में भी हमारी लड़ाई मजबूती के साथ जारी रहेगी। इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा के साथ मंत्री केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू ने भी पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बतादें कि बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के मंडीमरका के जंगल में नक्सलियों की बिछाई गई इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में हुए विस्फोट की चपेट में आकर स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के दो जवान प्रधान आरक्षक भरतलाल साहू रायपुर के सड्डू व आरक्षक सत्तेर सिंह नारायणपुर शहीद हो गए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार
डॉ.विशाल गंगवानी
(BHMS, RHSC)
आशीर्वाद डेन्टल क्लीनिक, बसंतपुर रोड, पुराना हॉस्पिटल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 6264277529
समय प्रतिदिन- प्रातः 10 से 2 बजे तक, सायं 4 से 8 बजे तक
होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियमों पर आधारित पद्धति है जिसमें मरीज को बिना साईड इफेक्ट के जटिल बिमारियों का जड़ से निदान की व्यवस्था है।
बिमारियाँ
बच्चेदानी में गठान, महावारी की अनियमितता, ओवरी में सिस्ट, एनजाइटी डिजआर्डर, बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना, बच्चों का बहुत हाइपर एक्टिव होना, माइग्रेन, पुराना सरदर्द, एलर्जीक खुजली, एलर्जीक सर्दी-खाँसी, टान्सिलाइटिस, मानसिक तनाव, नींद न आना, डिप्रेशन, अस्थमा, सोरीएसीस, पथरी, ब्लडप्रेशर, मधुमेह, थाइराईड, साईटिका
विशेषकर पुराने जटिल एवं असाध्य रोग
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक अनुभव के साथ। हम आज के इस बिमारियों के युग में मरीज की संपूर्ण देखभाल बिना किसी इफेक्ट के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रभावकारी तरीके से करने हेतु कटिबध्द है।
नया केस अपांइटमेंट के द्वारा लिया जाता है।
अन्य क्लिनिक - चंदखुरी- आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, चंदखुरी भाटा (समय : प्रति मंगलवार- प्रातः 10 से 2 बजे तक)

# शहर सहित अंचल भर में गुरू पूर्णिमा मनाने की भव्य तैयारी

## मंदिरों, धर्म स्थलों, आश्रमों में होगी गुरू वंदना, पूजा-अनुष्ठान की बहेगी बयार

राजनांदगांव (दावा)। आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को गुरू पूर्णिमा का पर्व शहर सहित पूरे अंचल भर में धूम धाम के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए गुरू भक्तों द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है।



बता दे कि गुरू पूर्णिमा का पर्व 4 वेद 18 पुराण व 108 उपनिषद सहित पंचम वेद महाभारत के रचयिता भगवान श्रीकृष्ण द्वै पायन व्यास के जयंती तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन समस्त गुरूओं की पूजा-वंदना की जाती है।

शहर में गायत्री शक्तिपीठ से लेकर श्री गणेश मंदिर मिथलाधाम, पाताल भैरवी मंदिर, बफीनी आश्रम, सुधांशु महराज, योग-वेदांत समिति संत आशाराम बापू आश्रम, अजयनाथ आश्रम, सत्यानंद योग आश्रम आदि जगहों में गुरू पाद पूजन-वंदन, अर्चना की बहार रहेगी। गुरू पूजा-अनुष्ठान से गुरू के प्रति भक्ति का अवर्णनीय आनंद देखने को मिलेगा। गुरू पूर्णिमा के दिन गुरू भूमि से सम्बंधित भजन-कीर्तन, रामायण पाठ, मंत्र जाप, पूजा अनुष्ठान का माहौल बनी रहेगा।

वही मंदिरों से लेकर आश्रमों व धर्म स्थलों में गुरू प्रसादी के रूप में महाप्रसादी वितरण व भोज भंडारा का कार्यक्रम आयोजित रहेगा। बता दे कि इस बार आसाढ़ मास में पूर्णिमा तिथि के दिन 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा का पर्व पड़ रहा है। इसके एक दिन पहले यानि कि शनिवार से ही गुरू पद पूजन-वंदन व अखंड जाप का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा।

गुरू पूर्णिमा यानिकि व्यास पूर्णिमा के दिन भगवान वेद व्यास से लेकर सत गुरू कबीर साहेब गुरूनानक स्वामी विवेकानंद के गुरू श्री रामकृष्ण परमहंस स्वामी दयानंद सरस्वती के गुरू विरजानंद अखिल भारतीय गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरू श्रीराम शर्मा आचार्य आदि संहित समस्त गुरूओं का पूजन-वंदन होगा। गुरूभक्ति की तेयार देखने को मिलेगी।

## विभिन्न कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु 26 जुलाई तक पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 3 माह से 4 माह की अवधि का गैर-आवासीय एवं आवासी प्रशिक्षण होगा।

प्रशिक्षण का संचालन जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सोमनी-सांकरा राजनांदगांव में किया जाएगा। इसके अंतर्गत कम्प्यूटर, सिलाई, प्लम्बर, जरदोशी (हैण्ड इम्ब्रॉयडी) इत्यादि कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 26 जुलाई 2204 तक जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

## कलेक्टर ने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की**

कलेक्टर ने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्य जनसामान्य की बहुप्रतीक्षित मांगों से संबंधित होते हैं, इन निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना चाहिए जिससे इसका लाभ संबंधित क्षेत्रवासियों को समय में मिल सके।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य जरूरत के आधार पर ही मांग की जाती है और उसे स्वीकृत किया जाता है, विकास कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने से उस क्षेत्र के नागरिकों को उसका लाभ समय पर मिलता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की सूची बनाएं और उसके आधार पर मॉनिटरिंग करें, इससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने ग्राम पंचायतवार चल रहे विकास कार्यों के लिए डायरी संधारित करने और छोटे-बड़े सभी प्रकार के विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है उसकी जानकारी साझा करें, जिससे संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों और जिला प्रशासन के माध्यम से दूर किया जाएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए है, उसे शीघ्र प्रारंभ करें और जो कार्य निर्माणाधीन है उसे पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगतिरत कार्य, अप्रारंभ कार्य के आधार पर अधिकारियों से चर्चा कर सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल, आंगनबाड़ी या छात्रावास में अतिरिक्त कक्ष या अन्य निर्माण के लिए स्थान का चिन्हांकन खेल मैदान को छोड़कर करने कहा, जिससे स्कूल, आंगनबाड़ी एवं छात्रावास के बच्चों को खेलने पर्याप्त स्थान मिल सके। कलेक्टर ने बैठक में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत विकास निधि, जनपद पंचायत विकास निधि, लोक शिक्षण मद, सांसद आदर्श ग्राम योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, समग्र शिक्षा एवं स्कूल जतन योजना के कार्य, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, सांसद क्षेत्र विकास निधि, विधायक क्षेत्र विकास निधि एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### आज रामदेव बाबा मंदिर में श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार के द्वारा श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 20 जुलाई को दोपहर 03 बजे श्री रामदेव बाबा मंदिर, उदयाचल रोड, राजनांदगांव में किया गया है। इस अवसर पर श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार में सम्मिलित घटक श्री अग्रहरि, श्री अयोध्यावासी, श्री दोसर, श्री गहोई, श्री कसौंधन वैश्य एवं श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज के बंधुओं से निवेदन है कि पति-पत्नी एवं बच्चों के साथ में उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें।

ठाकुर जी को भोग लगाने हेतु सवा पाव आटे की पंजीरी का भोग अपने घर बनाकर अवश्य लावे। अपने विवाह योग्य बच्चों को साथ लेकर अवश्य आए। संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता (मधुर स्पेयर) ने समस्त सामाजिक बंधुओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावे।

### कल जिला भाजपा कार्यसमिति की बड़ी बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी के विस्तृत कार्यसमिति की बैठक कल 21 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे गौरव पथ स्थित ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की गई है। यह बैठक दो भागों में होगी, पहले चरण में आने वाले कार्यकर्ताओं का पंजीयन, वंदे मातरम का गान, दीप प्रज्जवलन, स्वागत व अभिनंदन जिला भाजपा अध्यक्ष का स्वागत भाषण, शोक प्रस्ताव, उद्घाटन भाषण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई व प्रस्तावना, मान्यवर राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के मुख्य बिंदुओं का वाचन तथा प्रदेश कार्यसमिति बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव आदि होगा। इसके पश्चात भोजन होगा तथा भोजन पश्चात् दूसरा सत्र प्रारंभ होगा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि समापन सत्र में स्थानीय निकायों के होने वाले चुनाव पर चर्चा होगी, लोकसभा चुनाव का विश्लेषण प्रस्तुत किया जायेगा तथा भाजपा जिला प्रभारी द्वारा प्रदेश के आगामी कार्यक्रमों व गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण होगा, फिर समापन भाषण व राष्ट्रगान के पश्चात् बैठक समाप्त होगी।

### प्रभु लाल बोदलकर का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। कालका पारा स्तिथ मिसया बाड़ा निवासी सेवानिवृत्ति रेलवे ड्राइवर प्रभु लाल बोदलकर पिता स्व. पुनऊ बोदलकर का 70 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र-पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। स्व. बोदलकर की अंतिम यात्रा उनके निज निवास मिसाया बाड़ा से छीरपानी स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित हुए।

## अपने मौसी के घर से धूमधाम के साथ लौटे भगवान जगन्नाथ

राजनांदगांव(दावा)। शहर के गांधी चौक स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर से आषाढ़ द्वितीया, रथ दूज के दिन भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा व बड़े भैया बलराम के साथ नंदीघोष रथ पर सवार होकर धूमधाम से नगर भ्रमण के लिए निकले थे। शहर में निकली भव्य रथ यात्रा के नगर भ्रमण के पश्चात एकादशी तिथि तक के लिए भगवान जगन्नाथ अपने मौसी के घर ठहरे हुए थे। जिसे शुक्रवार को धूमधाम के साथ पुनः अपने निज धाम जगन्नाथ मंदिर लाया गया।



**भक्त जनों की रही भारी भीड़, जगह- जगह रथ रोक कर महिलाओं ने की पूजा- अर्चना**

बताया जाता है कि इस बार भगवान जगन्नाथ को उनके मौसी के घर से दान में दो दिनों की देरी हुई। मौसी के घर से पूजन उपरांत बाजे गाजे के साथ भगवान जगन्नाथ को गांधी चौक स्थित निजी धाम जगन्नाथ मंदिर पहुंचने के दौरान जगह-जगह रथ रोक कर पूजा- अर्चना की गई। महिलाओं ने इस दौरान भगवान जगन्नाथ व बहन सुभद्रा सहित बड़े भैया बलराम की पूरी भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना की। भगवान की भक्ति में झूमती- नाचती चल रही महिलाएं और पुरुषों के समूह का भक्ति भाव देखते ही बनता था। इस दौरान जगन्नाथ मंदिर के पुजारी महेश मिश्रा जी सहित नगर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। इस दौरान जयनाथ.. जगन्नाथ की गूंज वातावरण में गुंजायमान बना रहा।

## कल गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा पर्व का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में 21 जुलाई रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। शक्तिपीठ द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व के एक दिन पहले शनिवार 20 जुलाई को प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक अखंड जाप आयोजित है, तत्पश्चात अगले दिन 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व वैदिक अनुष्ठान वे यज्ञीय आयोजन के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिर में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित है इसके पूर्व वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच विभिन्न संस्कार संपन्न किए जाएंगे।



**पूजे जाएंगे वेदमूर्ति राष्ट्र संत श्री राम शर्मा आचार्य जी**

शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि 21 जुलाई रविवार को पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य जी का पाद पूजन सहित आचार्य प्रवर का गुणानुवाद तथा उनके द्वारा लिखे गए ग्रंथ प्रज्ञा पुराण का पुरोहितो द्वारा सस्वर पाठ किया जाएगा। इस दौरान गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य जी की तप पूर्ण जीवनी पर सविस्तार प्रकाश डाला जाएगा।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में समस्त गायत्री साधकों एवं गायत्री परिजनों सहित सभी सनातन धर्मियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाहूति प्रदान की जाएगी। वेद माता गायत्री व भगवान महाकाल की पूर्णाहुति के पश्चात शक्तिपीठ में महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शक्तिपीठ में आयोजित गूरु पूजन से संबंधित कार्यक्रम व अनुष्ठानिक आयोजन में लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ ?पूरोहित सुखनंदन भाई ने दी है।

### श्री साईं दरबार में कल होगी गुरु पूर्णिमा

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार श्री सांई दरबार (उपासना-भवन) साधूचाल तुलसीपुर, राजनांदगांव में 21 जुलाई दिन रविवार को गुरू पूर्णिमा महोत्सव सभी सांई भक्तों के साथ उत्साह पूर्वक धूम-धाम से मनाया जायेगा। इस पावन बेला में सुप्रसिद्ध हरि सत्संग भजन मण्डली, राजनांदगांव द्वारा अपने चुनिन्दा गायक कलाकारों के माध्यम से श्री सांई भजन की भक्तिमय मनमोहक व आकर्षक प्रस्तुत देंगे। श्री सांई दरबार (उपासना-भवन) में सुबह 9.00 बजे श्री सांई जी मां काली जी, मां दुर्गा जी व गणेश जी का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती, शाम 7 बजे संदल यात्रा, रात्रि 7.30 बजे महाआरती एवं पुष्पांजली, रात्रि 8 बजे सांई जश्न, महाप्रसाद वितरण एवं रंगारंग कार्यक्रम रात्रि 8.30 बजे ''एक शाम सांई के नाम'' हरि सत्संग भजन मण्डली, राजनांदगांव द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी सांई उपासक ऋषभ साहू ने दी।

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत ठेकेदारों की ली बैठक

### स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के दिए सख्त निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर तथा अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ठेकेदारों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के तहत ओव्हर हेड टैंक निर्माण अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में अब तक ओव्हर हेड टैंक निर्माण के तहत स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों तत्काल प्रारंभ करने के सख्त निर्देश दिए।

जो ठेकेदार 15 दिनों के भीतर स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ कर प्रगति नहीं ला जाएंगे, उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें ब्लैक लिस्टेड भी किया जाएगा। उन्होंने इस कार्य के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निरंतर मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है और इसके लिए विभागीय अधिकारी सतत मानिटरिंग करें और कार्यों के प्रारंभ एवं प्रगति के फोटोग्राफ्स भी प्रस्तुत करें। बैठक में बताया गया कि जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत ओव्हर हेड टैंक निर्माण के 18 एजेंसियों द्वारा 30 ओव्हर हेड टैंक का स्वीकृत कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी समीर शर्मा, विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

## सफाई टेंडर में छेड़छाड़ किए जाने पर जांच की मांग



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने गत दिनों निगम में प्रस्ताव पास कर निकाले गए सफाई ठेके के टेंडर में नियम विरुद्ध छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाते हुए निगम आयुक्त से इसकी जांच की मांग की है। श्री ओस्तवाल ने शहर के कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित सफाई ठेके टेंडर के संकल्प पत्र क्र. 2 में महापौर परिषद के सचिव द्वारा की गई नियम विरुद्ध छेड़छाड़ का हवाला देते हुए दोषियों के खिलाफ जांच की मांग की है तथा उक्त कारस्तानी करने वाले महापौर परिषद के सचिव व अन्य दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित कलेक्टर व निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। श्री ओस्तवाल का कहना है कि शहर के 27 वार्ड सहित गोलबाजार क्षेत्र व हाट बाजार क्षेत्र के हुए सफाई ठेका में लेन-देन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अतः शासन की नियम शर्तों के तहत छेड़छाड़ किए गए संकल्प पत्रों की विभागीय जांच किया जाए और मामले को दबने न दिया जाकर सभी दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज की जाए।


श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
19th July to 25th July 2024
paytm book my show
silver SCREEN

Handa (C.G)- 12:15, 03:15, and 06:15 pm
Sarfira - 12:00, 03:00 and 09:30 pm
Bad Newz - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:00 pm
Kalki 2898 AD - 06:00 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


### शुभांक

अनुमानित

| |
|---|
| बी. के |
| 2-6-9 |
| 458-7  226-0 |
| राजधानी |
| 2-5-8 |
| 588-1  890-7 |

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202406091100029**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2023-2024
नादिया प.ह.नं. 00028 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार मंगलदास, अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगलदास आ. महेशदास जाति बैरागी निवासी ग्राम नादिया पटवारी हल्का नं. 28 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने गुरुभाई सियाराम आ. सुकालूदास की मृत्यु दिनाक 21/05/2024 को ग्राम नादिया में होने के कारण अपने गुरुभाई की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रमांक 66070624011073, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 12.07.2024 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा आज दिनांक 28/06/2024 को जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी छुरिया, जिला राजनांदगांव**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म अ (सार्वजनिक सूचना) (नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक देबकुमार आ. श्री टोमन लाल भोंसले, उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 11. परसाडीह (सू), थाना सुरेगांव. तह. डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. महेश्वरी आ. श्री कवलसिंग फुलकंवर, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम बड़ेगाँव, थाना बड़ेगाँव, तह. कोरची, जिला गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 02/08/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
आगामी तिथि 02/08/2024

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093800008 अ/20 (1) वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार आ.मंगतराम ललवानी निवासी-लालबाग सिंधी कालोनी, राजनांदगाँव द्वारा राजनांदगांव शहर स्थित भूमि मोहल्ला गुड़ाखूलाईन भूखण्ड क्रमांक 205/19 रकबा 96.00 वर्गमीटर का शीट क्रमांक आबंटित कर आवेदक एवं अन्य धारक के नाम पर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार भूखण्ड का शीट आबंटन कर धारक के नाम पर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 24/07/2024

**नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

**जिला हाथकरघा कार्यालय**

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर कक्ष क्रमांक 10/1, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
फोन नं. 07744-299718, ईमेल : rajnandgaonadh@gmail.com

क्रमांक/हा./विज्ञापन/निविदा/2024-25/436 राजनांदगांव, दिनांक 18.07.2024

उप संचालक, जिला हाथकरघा कार्यालय, राजनांदगांव संयुक्त जिला कार्यालय परिसर कक्ष क्रमांक 10/1, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा जिला राजनांदगांव/कवर्धा/खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई/मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले की बुनकर सहकारी समितियों को लगने वाले एवं उनके द्वारा क्रय किये जाने वाले करघा तथा सहायक उपकरण के लिये एकीकृत आधार पर न्यूनतम दर पर प्राप्त करने के लिए हाथकरघा फ्रेमलूम (लकड़ी तथा लोहे के) एवं सहायक उपकरण सामग्री निर्माताओं/आपूर्ति कर्ताओं से मुहर बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, पारित निविदा दरें स्वीकृत दिनांक से एक वर्ष के लिये मान्य रहेगी। करघा/सहायक उपकरण हेतु विवरण तथा शर्तों सहित निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सूचना प्रकाशन दिनांक 22.07.2024 से दिनांक 08.08.2024 शाम 5.00 बजे तक कार्यालयीन अवधि में राशि 1000/- रूपये नगद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदाकार मुहर बंद लिफाफे में अपनी निविदा दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पंजीकृत डाक से जमा कर सकेंगे। प्राप्त निविदाएं दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 03.00 बजे खोली जावेगी, निविदाकार चाहे तो उपस्थित रह सकते हैं।

जी- 242501212/1

**उप संचालक हाथकरघा राजनांदगांव (छ.ग.)**

# शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार बिजली गुल से बढ़ी परेशानी.... उमस में पसीने से तरबतर हो रहे लोग

**राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की विद्युत पारेशन कम्पनी ने बिजली दर में वृद्धि कर एक और महंगाई से जूझती जनता को जोर का झटका दिया है। उससे भी बड़ा झटका भीषण उमस व चिपचिपी गर्मी के दौर में घंटो बिजली गुल कर दिया जाता है। बता दे कि शहर में रोजाना दसियों बार बिजली गुल हो रही है।**

बिजली विभाग वाले दिन हो रात-सुबह हो या शाम किस समय बिजली गुल कर दे कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसा लगता है कि प्रदेश के इस बिजली कम्पनी वाले पर सरकार का थोड़ा भी अंकुश नहीं रहा गया है। मनमर्जी बिजली दर में वृद्धि किए दे रहा है। मनचाहे दिन में दसियों बार बिजली कटौती कर दी जा रही है।

शुक्रवार को शहर के श्रमिक बहुल इलाका लखोली क्षेत्र में लगभग 4-5 घंटे बिजली बंद रही। इससे भीषण उमस व चिपचिपी गर्मी से जूझ रहे लोगों को अपने घर में किसी यातना गृह की तरह परेशानियों का सामना करना पड़ा। घंटों बिजली बंद होने से बिना पंखा, कुलर, एसी के पसीने से तरबतर हो रहे लोगों को भारी यातना भोगनी पड़ी। बता दे कि बिजली विभाग इतनी मनमर्जी वाला हो गया है कि शहर अथवा गांवों के किसी क्षेत्र में बिजल बंद रखने के पहले किसी प्रकार सूचना भी जारी नहीं करता। अंचानक पावर कट कर दिया जाता है। इससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### गांवों में बुरी स्थिति

बिजली विभाग की दिन में दसियों बार बिजली गुल की परेशानी शहरवासी तो भोग ही रहे है लेकिन सबसे ज्यादा बुरी स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की है। सेम्हरा दैहान के किसान कुलेश्वर वर्मा ने बताया कि बारिश नहीं होने से उनके क्षेत्र के खेत सूखे पड़े है। खेतों में उग आए धान के पौधों को बोर के पानी अथवा नदी-नाले आदि का पानी मोटर पम्प से खींच कर जीवनदान देने का प्रयास किया जाता है लेकिन गांवों में पावर कट की समस्या किसानों के लिए भारी पड़ रहा है। बिजली प्रायः बंद रहने से न तो उमस व चिपचिपी गर्मी से जूझ रहे लोगों को पंखे-कुलर चालू किया जा सकता है और न खेतों में उग आए पौधों को पानी देने के लिए मोटर पम्प चालू किया जा सक रहा है।

उन्होंने बताया कि गांवों में बार-बार बिजली बंद किए जाने की समस्या को शहर आकर भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं को बताया गया लेकिन न जाने कयों सत्ता में बैठी पार्टी के लोगों को बिजली कम्पनी के खिलाफ एक शब्द भी बोलने से डर लग रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र के किसान व पदुमतरा सहकारी सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश की विद्युत पारेशन कम्पनी द्वारा प्रति यूनिट 20 रूपए की वृद्धि कर दी गई लेकिन किसी भी भाजपा नेता द्वारा चूं भी नहीं बोला गया। उन्होंने बताया कि बिजली की समस्या को लेकर लोगों द्वारा बिजली विभाग से शिकायत किए जाने का प्रयास किये जाने पर अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। बिजली कम्पनी की इस मनमानी से आम जनता त्रस्त है लेकिन नेताओं के कान में जूंएं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी से त्रस्त जनता कही उग्र रूप धारण न करके उसके, पल्ले नेताओं को जनता का परेशानी समझते हुए समस्या निदान के लिए सामने आना चाहिए।

# सांसद पांडे पर कार्रवाई के लिए पूर्व सीएम बघेल ने लोकसभा अध्यक्ष से की शिकायत



रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष याचिका लगाई है। उन्होंने राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान भूपेश बघेल को लेकर टिप्पणी की थी। महादेव सट्टा मामले को लेकर आरोप लगाए थे।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है कि सांसद संतोष पांडेय ने महादेव सट्टा एप को लेकर लोकसभा में जो गलत बयानी की है, उसके खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष याचिका प्रस्तुत की है। उम्मीद है न्याय मिलेगा और सांसद बयान के साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे।

### महादेव सट्टा एप को लेकर लोकसभा में सांसद ने दिया था बयान

दरअसल, सांसद संतोष पांडेय ने संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा था कि राहुल गांधी सोमवार को बार-बार भगवान शंकर की तस्वीर संसद में दिखा रहे थे। भगवान भोलेनाथ हैं। आपने और छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री ने पूरे प्रदेश को निपटा दिया और लोकसभा चुनाव में भी निपट गए। वो महादेव के नाम पर सट्टा चला रहे थे।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री छह हजार करोड़ का सट्टा चला रहे थे। भगवान शंकर को आसानी से ना लें और बात-बात पर फोटो दिखाने की कोशिश ना करें। सांसद के इस बयान पर भूपेश बघेल ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने सवाल किया था कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार होने के बावजूद एप पर बैन क्यों नहीं लगाया गया।

# स्कूलों में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व : स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने का आदेश जारी किया है। 22 जुलाई को गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिन को विशेष तौर पर मनाना चाहती है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूलों में गुरू पूर्णिमा उत्सव आयोजित करने का निर्ण लिया है। जारी आदेश के मुताबिक, 22 जुलाई को विद्यालयों में मां सरस्वती वन्दना, गुरू वन्दना और दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण का कार्यक्रम होगा। जारी आदेश के मुताबिक, स्कूलों में प्रार्थना सभा के बाद प्रार्थना स्थल पर ही शिक्षक गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारम्परिक गुरू-शिष्य की परंपरा के संबंध में छात्रों को जानकारी देंगे। इसके बाद प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन का आयोजन कराया जाएगा।

# महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती के नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**0गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर कल भक्तों द्वारा किया जायेगा गुरुपूजन**

राजनांदगांव (दावा)। श्रीमतपरमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोणीत ब्रह्मनिष्ठ अनंत श्री विभूषित श्री 1008 आनंद कृष्णधाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष, महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का नगरागमण आज कार द्वारा दोपहर 12:20 बजे हुआ । केशर नगर स्थित श्री कल्याण साहू के निवास के समक्ष अनेक शिष्यों एवं भक्तों ने पूज्य गुरुदेव भगवान का आत्मीय भव्य स्वागत किया। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पूज्य स्वामी जी के आगमन पर शिष्यों ने संस्कारधानी की गरिमा के अनुसार स्वागत अभिनंदन किया। साहू निवास पहुंचने पर सर्वप्रथम मेहरइन बाई साहू ने अपने पुत्र कल्याण साहू एवम बहु भारती साहू के साथ पूज्य गुरुदेव भगवान के चरण पखारकर, विधिविधान से मंत्रोचार के साथ पूजन किया। उपस्थित शिष्यों ने पुष्प मालाए पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से रानीदान शर्मा, श्याम सुंदर लोहिया, विष्णु प्रसाद लोहिया, चिंताराम साहू, खुबलाल साहू, गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, लक्ष्मण लोहिया, हितेंद्र शर्मा, चंद्रकांत लोहिया, पवन लोहिया, राकेश शर्मा, मनीष लोहिया, पोषण साहू, निरंजन नाथ शर्मा, अशोक शर्मा, अजय लोहिया, मनीष अग्रवाल, चंदा देवी शर्मा, नीता लोहिया, संगीता चंद्रकांत जोशी, भारती कल्याण साहू, सुनीता लोहिया रश्मि अग्रवाल सहित अनेक भक्त उपस्थित थे। पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा 20 जुलाई शनिवार को सुबह 07 बजे गुरु दीक्षा दी जाएगी , पूज्य गुरुदेव भगवान 21 जुलाई रविवार को सुबह 09:00 बजे से श्री अग्रसेन भवन में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे।

# शिक्षकों की कमी दूर करने पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल मिले कलेक्टर से



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के साथ जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, सलोनी सरपंच रतन यादव, खैरा (ब) सरपंच नेमदास साहू, मुरमुंदा सरपंच कल्पना साहू ने शिक्षकों की कमी दूर करने कलेक्टर से मिलकर निवेदन किये। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि क्षेत्र के कई स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों के शिक्षा में प्रभाव पड़ रहा है। कलेक्टर ने जल्द व्यवस्था करने का आश्वासन दिए है।

# कलेक्टर ने राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग में प्रगति लाने के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग की समीक्षा की। कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 89 राईस मिलर्स पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग कार्य कराया जा रहा हैं। वर्तमान में जिले के सभी राईस मिलर्स को भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने अनुबंध किया गया है तथा उनके द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर ने उसना एवं अरवा मिलर्स की पृथक-पृथक मिलवार कार्यों की समीक्षा की तथा सभी मिलर्स को निर्धारित समयावधि में कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए। मिलर्स द्वारा चावल जमा कार्य में हमालों की कमी की समस्या से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने इस समस्या के समाधान के लिए भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक एफसीआई में 50994 मीट्रिक टन अरवा चावल एवं 107684 मीट्रिक टन उसना चावल जमा किया जाना शेष है। इसी तरह नागरिक आपूर्ति निगम में कुल 30311 मीट्रिक टन अरवा चाल जमा किया जाना शेष है। जिले में अब तक लगभग 60 प्रतिशत कस्टम मिलिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने शेष 40 प्रतिशत चावल जमा कराने के लिए विभागीय अधिकारी को मानिटिरिंग करने एवं राईस मिलर्स को यथाशीघ्र चावल जमा करने निर्देशित किया। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी श्री रविन्द कुमार सोनी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा जिले के राईस मिलर्स उपस्थित थे।

# रिश्वतखोर बीएमओ और बाबू गिरफ्तारः एसीबी ने बीएमओ और स्वास्थ्य विभाग के क्लर्क को पैसा लेते रंगे हाथों पकड़ा



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रायपुर में स्वास्थ्य विभाग के बाबू को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इसी तरह एसीबी की टीम ने दंतेवाड़ा के बीएमओं को 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि बीएमओ द्वारा ट्रेवल एजेंसी के बिल भुगतान के एवज में पैसों की मांग की जा रही थी। एक ही दिन में स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ बीएमओ और क्लर्क पर एसीबी की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

पहले प्रकरण में प्रार्थी सुनील कुमार नाग निवासी दंतेवाड़ा ने एन्टी करप्शन ब्यूरो जगदलपुर कार्यालय में शिकायत की थी, कि उसके द्वारा विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, दंतेवाड़ा में दो वाहन किराये पर चलवाई जा रही थी, जिसके बिलों का भुगतान जनवरी माह से कार्यालय में लंबित था। बिलो के भुगतान के लिये विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वेणु गोपाल राव द्वारा 15 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था, बल्कि रिश्वत लेते रंगे हाथों आरोपी को पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन पर सही पाये जाने से ट्रेप आयोजित कर आज दिनांक 19.07.2024 को आरोपी डॉ0 वेणु गोपाल राय को कार्यालय में प्रार्थी से 15 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया।

दूसरे प्रकरण में प्रार्थी नेमिका तिवारी, स्टॉफ नर्स, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजिम, गरियाबंद ने एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर कार्यालय में शिकायत की थी, कि उसके द्वारा अध्ययन अवकाश स्वीकृति के लिये जिला स्वास्थ्य कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जो अग्रिम कार्यवाही हेतु संयुक्त संचालक (नर्सिंग), संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें सेक्टर-19 नवा रायपुर कार्यालय में लंबित था।

फाईल को अगली प्रक्रिया के लिये आगे बढ़ाने हेतु कार्यालय का सहायक अधीक्षक सूरज कुमार नाग के द्वारा 20 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहती थी, बल्कि रिश्वत लेते रंगे हाथों आरोपी को पकड़वाना चाहती थी। शिकायत सत्यापन पर सही पाये जाने से ट्रेप आयोजित कर आज दिनांक 19.07.2024 को आरोपी सूरज कुमार नाग को उसके शासकीय आवास के पास से प्रार्थी से 20 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

एन्टी करप्शन ब्यूरो, छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों से अपील करती हैं कि रिश्वत/भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें हमारे ई-मेल, टोल फ्री नंबर (1064) अथवा स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं।

# आयुक्त ने शासन द्वारा निर्धारित माहवार वसूली के अनुरूप वसूली करने के दिये कड़े निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व वसूली की वार्डवार जानकारी ली एवं शासन द्वारा निर्धारित माहवार वसूली के अनुरूप सत प्रतिशत वसूली करने के कड़े निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी ली और शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी को अपने प्रभारित वार्ड की इस वित्तीय वर्ष के कुल मांग एवं वसूली (चालू एवं बकाया सहित पृथक-पृथक) सहित प्रवृष्टि कर वार्डवार पंजी, जिसमें उस वार्ड के सम्पतिकर दाताओं, गैर सम्पतिकर दाताओं एवं जलकर दाताओं की संख्या पृथक-पृथक प्रविष्टि करे तथा नये मकान, फ्लेट व भवन को चिन्हांकित कर डिमांड में लेकर शतप्रतिशत डिमांड का संधारण करने के निर्देश दिये, जिसके आधार पर राजस्व वसूली की जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। इस माह जुलाई में 6.25 प्रतिशत सम्पत्तिकर मे छुट का करदाताओं को लाभ दे, इस संबंध में घर घर जाकर जानकारी देकर सम्पत्तिकर की वसूली करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि प्रतिदिन की गई वसूली को संग्रहण पंजी में तिथीवार पृथक-पृथक इंद्राज करने के साथ-साथ सम्पतिकर, जलकर समेकितकर की वसूली करने सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं करने की स्थिति में एवं बडे बकायादारों को नोटिस जारी कर नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि डिमांड रजिस्टर में इंद्राज डिमांड के हिसाब के वसूली करे। भवन अनुज्ञा एवं जल विभाग से समान्जस्य कर नये मकान की जानकारी एवं नये नल कनेक्शन की जानकारी लेवे तथा उनसे जलकर व सम्पत्तिकर वसूलना सुनिश्चित करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, अटल आवास योजना के किराये वसूली के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों के द्वारा लम्बे समय से दुकान किराया जमा नहीं किये है, उन्हें नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत किराया जमा नहीं करने पर दुकाने सील करे। उन्होंने भवन भूमि के नामांतरण एवं दुकानों के नामांतरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि नामांतरण की कार्यवाही समय सीमा में करना सुनिश्चित करे, ताकि उसके आधार पर किराया वसूला जा सके। शेष दुकानों की नीलामी करना सुनिश्चित करे, जिससे राजस्व आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित न रहे एवं वसूली में ढिलाई न बरते। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, दुकान प्रभारी अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर सहित राजस्व निरीक्षक, समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

# हाई-हायर सेकण्डरी स्कूल की द्वितीय मुख्य परीक्षा 23 जुलाई से




**रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की ओर से हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी स्कूल की द्वितीय मुख्य परीक्षा 23 जुलाई 2024 से 12 अगस्त तक आयोजित होगी।**

परीक्षा के सफल संचालन के लिए राज्य स्तर पर आनलाइन प्रषिक्षण उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। माशिमं की अध्यक्ष रेणु पिल्ले और सचिव पुष्पा साहू के मार्गदर्शन में 15 और 16 जुलाई को उक्त प्रशिक्षण संपन्न हुआ, जिसमें राज्य के सभी 227 परीक्षा केन्द्रों से केन्द्राध्यक्ष शामिल हुए।

उन्मुखीकरण में मुख्य रूप से परीक्षा पूर्व तैयारी, परीक्षा के दिन की कार्यवाही परीक्षा समाप्ति के बाद की कार्यवाही किस प्रकार से किया जाना है, इसकी विस्तार से जानकारी दी गई।

परीक्षा केन्द्र में विभिन्न मुख्य व्यवस्था बिजली, पेयजल और प्रसाधन की उचित व्यवस्था, मुख्य द्वार पर बैठक व्यवस्था की जानकारी का नोटिस बोर्ड, प्रतिदिन छात्र संख्या अनुसार पुलिस व्यवस्था, सूचना पटल पर आवश्यक सूचना, समय-सारणी लगाना, उत्तर पुस्तिका के बंडल तैयार करने के लिए आवश्यक सामग्री की समुचित मात्रा, स्थायी केन्द्र निरीक्षण पंजी का संधारण, 40प्रतिषत या उससे अधिक निःषक्तता वाले परीक्षार्थियों को लेखक की नियमानुसार पात्र परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था पर प्रशिक्षण दिया गया।

अकारण बार-बार परीक्षार्थियों को बाहर जाने की अनुमति नहीं दिया जाना, उपस्थिति पत्रक पर छात्र एवं पर्यवेक्षक का प्रतिदिन हस्ताक्षर अनिवार्यतः लिया जाना, एक ही कक्ष में विभिन्न विषयों की परीक्षा के प्रश्नपत्रों का सावधानीपूर्वक वितरण कमरे में पूर्ण शांति एवं अनुशासन बनाये रखना, अनुचित साधनो के प्रयोग को सजगता से रोकथाम किये जाने के लिए आष्यक निर्देष दिये गये। सभी उत्तर पुस्तिकाओं में ''द्वितीय मुख्य परीक्षा2024'' की सील अनिवार्य रूप से लगानेका निर्देश दिया गया। उन्मुखीकरण का प्रस्तुतीकरण सहायक प्राध्यापक प्रीति शुक्ला के द्वारा किया गया।

# कुंभकर्णी नींद में सोई है साय सरकार - छन्नी चन्दू साहू



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने साय सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि साय सरकार को आठ महीना पूरा होने को है लेकिन जनता के हितों की चिंता ही नहीं है केवल भ्रष्टाचार की कीर्तिमान बना रही है, प्रदेश की भोली-भाली जनता से झूठे वादे कर सत्ता हथियाई है, भाजपा सरकार के आठ महीने की कार्यकाल को जनता भलीभांति भाप चुकी है गारंटीयों को आखिर कब पूरा करेगी कहां गए गली गली गारंटीयों की पर्ची बांटने वाले आठ महीने बाद भी क्षेत्र व प्रदेश में एक भी निर्माण कार्यों की भूमिपूजन शुरुआत भी नहीं हुई है, हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए निर्माण कार्यों की घूम-घूम कर जनप्रतिनिधि फीता काट रहे हैं लेकिन एक भी योजनाओं की आधारशिला धरातल पर नजर नहीं आ रही है।

पूर्व विधायक श्रीमति साहू ने कहा कि भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि गारंटी तो नहीं पूरा कर पाए लेकिन गली-गली गांव-गांव हर चौक चौराहो पर अवैध शराब, जुआ, सट्टा,आदि अवैध कार्यों की गारंटी बाटी हुई है, अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्ति बेखौफ होकर इस कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, सरकार को चिंता ही नहीं है कि जुलाई के माह में किसानों को, स्कूली बच्चों को आय जाति निवास प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है। पटवारियों के हड़ताल पर जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं और किसान किसानी कार्यो के लिए खाद, बीज, कृषि ऋण लेने वंचित हो रहे है यह सरकार की संवेदनहीनता का परिचायक है। शासन प्रशासन इस पर गंभीरता दिखाएं अन्यथा किसानों को सड़क पर आने देर नहीं लगेगी।

# खाद के लिए भटक रहे किसानों को पूर्व सीएम बघेल याद आ रहे - भागवत साहू



**कहा - पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान नहीं थी कोई किल्लत**

**राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने अपने एक जारी बयान में कहा कि इन दिनों हो रही मस्त बारिश से किसान गदगद हो रहे हैं और खेतों में पानी रोककर खाद और दवाई का छिड़काव करना शुरू कर दिया है। इस दौर में सेवा सहकारी समितियों में डीएपी यूरिया आदि खाद की किल्लत होने से धान आदि की फसल को पोषक तत्व देने में कठिनाई हो रही है।**

किसानों को मौजूदा भाजपा सरकार को कोसना पड़ रहा है, साथ ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की याद आ रही है। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समितियों में खाद बीज की पर्याप्त व्यवस्था प्रत्येक पंचवर्षीय में हो रही थी। लेकिन भाजपा सरकार में किसानों को पहले साल से तकलीफ होने लगी है, आने वाले सालों में और क्या दशा होगी यह तो समय ही बताएगा।

श्री साहू ने आगे कहा कि इस बात का पूरा संदेह है कि सोसाइटीयों के खाद भाजपा समर्पित व्यापारियों की दुकानों और उनके गोदाम में चोरी छुपे पहुंच रहे हैं। जिससे वह बड़ी मुनाफाखोरी करके मालामाल हो रहे हैं।

कृषि विभाग के अधिकारी भी शायद सत्ता पक्ष के दबाव में आकर छापे की कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। और वहीं भाजपा की सरकार में किसान डीएपी खाद के लिए रोज सोसाइटीयों का चक्कर लगा रहे हैं। परंतु डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। रोपाई का समय है और खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

भाजपा सरकार में बड़े व्यापारियों को खाद उपलब्ध हो जाता है और सोसाइटी में खाद नहीं मिलने से किसान व्यापारी से अधिक दामों में खाद लेने विवश हो जाते हैं। लेकिन आज फिर से भाजपा की सरकार में किसान अपनी किसानी के लिए खाद के लिए भटक रहे हैं। लेकिन किसान इस बात को समझ रहे हैं समय आने पर सत्ता सरकार को सबक सिखाएंगे।

## अनमोल दावा

> श्रेष्ठ वही है जिसमें दृढ़ता हो पर जिद नहीं, वाणी हो पर कटू नहीं, दया हो पर कमजोरी नहीं ज्ञान हो पर अहंकार नहीं

# रुकने का नाम नहीं ले रहा हादसों का सिलसिला, आए दिन हो रही हैं रेल दुर्घटनाएं

ऐसा क्यों है कि एक ओर रेल महकमे को आधुनिक स्वरूप देने, उच्च तकनीकी से लैस करने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर पटरियों पर होने वाले हादसे रुक नहीं रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह लगातार ट्रेन हादसों की घटनाएं हो रही हैं, उससे ऐसा लगता है मानो दुर्घटनाएं अब आम दिनचर्या का हिस्सा बन रही हैं और इसे लेकर प्रकारांतर से सहज होने की स्थितियां बन रही हैं। विचित्र है कि हर हादसे के सुर्खियों में आने और सवाल उठने के बाद सरकार यह घोषणा करने की औपचारिकता निभाना नहीं भूलती कि घटना की जांच की जाएगी, ऐसे उपाय किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसा हादसा न हो। मगर फिर कुछ दिन बाद देश के किसी हिस्से से अन्य बड़ी रेल दुर्घटना की खबर आ जाती है और कभी भी रेल महकमे के मंत्री को जिम्मेदारी लेने की जरूरत नहीं महसूस होती।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में गुरुवार को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से पांच पलट गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम बीस अन्य के घायल हो गए। यह हादसा यही बताता है कि रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के सरकार के तमाम दावे महज आश्वासन भर हैं।

ऐसा क्यों है कि एक ओर रेल महकमे को आधुनिक स्वरूप देने, उच्च तकनीकी से लैस करने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर पटरियों पर होने वाले हादसे रुक नहीं रहे हैं। इस घटना के बाद एक बार फिर इसके कारणों को लेकर लंबी पड़ताल चलेगी और आम जनता को शायद ही पता चलेगा कि इसकी क्या वजह थी और इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया गया, क्या कार्रवाई हुई और इस संदर्भ में सरकार ने क्या ऐसे उपचारात्मक उपाय किए, ताकि भविष्य में ऐसा हादसा फिर न हो।

अफसोस की बात यह है इस तरह की कवायदें सभी हादसों के बाद होती हैं, मगर कुछ समय बाद होने वाले हादसे सरकारी आश्वासनों की हकीकत बताने के लिए काफी होते हैं। ट्रेनों के आपस में टकरा जाने के अलावा हाल के दिनों में पटरियों पर से उतर जाने की घटनाएं जिस रफ्तार से बढ़ी हैं, उससे यह साफ है कि या तो किसी रूप में पटरियों से छेड़छाड़ की आपराधिक घटनाएं हो रही हैं या फिर रखरखाव के पहलू से रेल महकमा पर्याप्त निगरानी और मरम्मत का काम सुनिश्चित करने में नाकाम है। आए दिन यह बताया जाता है कि रेल दुर्घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए आधुनिक तकनीकी का सहारा लिया जा रहा है। च्कवच प्रणालीज् के जरिए ट्रेनों के आपस में टक्कर होने को पूरी तरह रोकने का दावा किया जाता है। मगर कुछ समय के अंतराल पर आमने-सामने या पीछे से ट्रेनों की टक्कर और उसमें लोगों के मारे जाने से कवच प्रणाली की सीमा का पता चलता है कि यह कितनी ट्रेनों को उपलब्ध कराया गया है या जिसमें है, उसमें कितना कारगर है।

ट्रेनों की रफ्तार को और ज्यादा बढ़ाने को एक यात्री सुविधा के रूप में पेश किया जाता है, मगर पटरियों की गुणवत्ता का सवाल प्राथमिक नहीं होता। बुलेट ट्रेन या अन्य तेज रफ्तार ट्रेनों की व्यवस्था के दावे सुर्खियों में होते हैं, वहीं मौजूदा रेल-संचालन को भी यात्रियों के लिए पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जा पा रहा। रेल महकमे में कितने पद खाली हैं और उन पर भर्तियों को लेकर क्या योजना है, उस पर विचार करना और इसे हादसों के कारण के रूप में चिह्नित करना एक उपेक्षित मसला है। सवाल है कि पटरियों पर हर वक्त एक जोखिम के साथ दौड़ती ट्रेनों के सफर को किस भरोसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने का दावा किया जा रहा है!

# सिद्धारमैया के आरक्षण वाले विधेयक में ऐसा क्या था कि हुआ हंगामा

**इमरान क़ुरैशी**

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने स्थानीय लोगों को आरक्षण देने वाले प्रस्तावित विधेयक को फिलहाल रोक दिया है. इस विधेयक पर अगली कैबिनेट बैठक में विचार किया जाएगा. विधेयक को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को अपनी कैबिनेट, इंडस्ट्री और आईटी मंत्री की ओर से भी विरोध का सामना करना पड़ा.

इसके बाद सीएम सिद्धारमैया ने कहा, बिल अभी तैयार किया जा रहा है. अगली कैबिनेट बैठक में इस पर विचार करने के बाद अंतिम फ़ैसला लिया जाएगा.श्रम मंत्री संतोष लाड ने बीबीसी हिंदी से कहा, ये बिल वापस नहीं लिया गया है. बस इसके कुछ पहलुओं पर फिर से विचार किया जाएगा.

आखिर इस प्रस्तावित विधेयक में था क्या और इसका विरोध क्यों हुआ? इस रिपोर्ट में यही समझने की कोशिश करते हैं.

कर्नाटक स्टेट एम्पलॉयमेंट ऑफ़ लोकल कैंडिडेट्स इन इंडस्ट्रीज़, फ़ैक्ट्रीज़ एंड अदर इस्टैबलिशमेंट्स बिल, 2024 में उद्योग, फ़ैक्ट्रियों और अन्य प्रतिष्ठानों में प्रबंधन के स्तर पर स्थानीय लोगों के लिए 50 फ़ीसदी आरक्षण का प्रस्ताव रखा गया है. इसके अलावा इस बिल में कहा गया है कि सुपरवाइजर, मैनेजर, टेक्निकल, ऑपरेशन, प्रशासनिक और उच्च पदों पर स्थानीय लोगों के लिए रिज़र्व रखा जाना चाहिए.

ग़ैर प्रबंधन श्रेणी की नौकरियों के लिए प्रस्तावित बिल में कहा गया है कि क्लर्क, अकुशल और अर्धकुशल स्टाफ़, आईटी कर्मचारी, कॉन्ट्रैक्ट वाले और कैजुअल वर्कर्स वाली 75 फ़ीसदी नौकरियां स्थानीय लोगों को दी जानी चाहिए. विधेयक में ये प्रावधान भी किया गया है कि प्राइवेट सेक्टर की ग्रुप-सी और ग्रुप-डी वाली नौकरियां कन्नड़ लोगों को दी जानी चाहिए. बिल में स्थानीय व्यक्ति की परिभाषा भी दी गई है. कर्नाटक में जन्म लेने वाला, राज्य में 15 साल से रह रहा, कन्नड़ भाषा लिख, बोल और पढ़ सकने सक्षम व्यक्ति स्थानीय माना जाएगा. इसके लिए एक परीक्षा भी ली जाएगी जिसका संचालन एक नोडल एजेंसी करेगी. ये टेस्ट सिर्फ़ उन लोगों को देना होगा, जिन्होंने 10वीं क्लास तक कन्नड़ की पढ़ाई ना की हो. अगर पर्याप्त स्थानीय उम्मीदवार ना हों, तब इंडस्ट्री सरकार से रियायत की गुहार कर सकती है. जांच के बाद सरकार आदेश दे सकती है.



इस रियायत के बाद भी प्रबंधन संबंधित नौकरियों में 25 फ़ीसदी और गैर-प्रबंधन से संबंधित नौकरियों में 50 फ़ीसदी आरक्षण अनिवार्य रहेगा. अगर इसका उल्लंघन हुआ तो 10 से 25 हज़ार रुपये तक का जुर्माना लग सकता है. अगर कंपनियों को सही उम्मीदवार नहीं मिलते हैं तो सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर स्थानीय उम्मीदवारों को तीन साल के अंदर ट्रेनिंग दी जाए.

कर्नाटक सरकार के इस विधेयक का कई अहम हस्तियों ने विरोध किया है. उद्योगपति किरन मज़ूमदार शॉ ने कहा कि तकनीक के क्षेत्र में जो ऊंचा स्थान इंडस्ट्री ने पाया है, उस पर इसका असर नहीं पड़ना चाहिए. कर्नाटक के पूर्व एडवोकेट जनरल अशोक हरनाहैली और पूर्व सरकारी वकील बीटी वेंकटेश ने भी सिद्धारमैया सरकार के इस विधेयक पर सवाल उठाए हैं. क़ानून के जानकारों ने इस विधेयक को असंवैधानिक बताया है. ब्रांड एक्सपर्ट हरीश बिजूर ने बीबीसी हिंदी से कहा, जिस बेंगलुरु ब्रांड को हम देखते आए हैं, उसके लिए ये झटके की तरह है. कन्नड़ को बोलने और ज़्यादा लोगों की ओर से इस्तेमाल करने की ज़रूरत है. लेकिन ये सब अचानक नहीं किया जा सकता. इसके लिए मीडियम से लेकर 10 साल तक की योजना के साथ आना चाहिए. इंडस्ट्री की ओर से की जाने वाली आलोचना के कई पहलू सामने आए हैं. इसमें सबसे अहम ये है कि जिस इकोसिस्टम के तहत बेंगलुरु इंडिया की सिलिकॉन वैली बन पाया, वो बर्बाद ना हो.किरन मज़ूमदार इंडस्ट्री की इकलौती उद्यमी रहीं, जिन्होंने खुलकर सोशल मीडिया पर इसका विरोध किया है.

वो बोलीं, टेक्नॉलजी हब के लिए हमें काबिल लोग चाहिए. नौकरियों में स्थानीय लोगों को जगह देने के लक्ष्य से इस क्षेत्र में हमारे नेतृत्व पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए. अच्छे स्किल वाली भर्तियों को इस पॉलिसी से अलग रखना चाहिए. नैसकॉम ने भी इस विधेयक पर निराशा जताते हुए चिंता ज़ाहिर की है.

नैसकॉम ने कहा, वैश्विक स्तर पर काबिल लोगों की भारी कमी है. बड़ी तादाद होने के बावजूद कर्नाटक इससे अलग नहीं है. तकनीक क्षेत्र जीडीपी में 25 फ़ीसदी की हिस्सेदारी रखता है और ये राज्य को आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाता है. यहां की प्रति व्यक्ति आय देश के औसत से ज़्यादा है. इस तरह का बिल परेशान करने वाला है, जिससे न सिर्फ़ इंडस्ट्री की ग्रोथ पर असर होगा और ये राज्य की वैश्विक छवि को भी नुकसान पहुंचाएगा. नैसकॉम ने राज्य सरकार से इस बिल को वापस लेने को कहा है. इंफ़ोसिस के पूर्व सीएफ़ओ वी बालाकृष्णन ने बीबीसी हिंदी से कहा, कर्नाटक और देश में रोज़गार की गंभीर समस्या है. हम नौकरियां पैदा नहीं कर रहे हैं. सरकार के पास आसान रास्ता ये है कि वो आरक्षण ले आए ताकि स्थानीय लोगों को काम मिल सके. सरकार बेरोज़गारी की बड़ी समस्या से निपटने की बजाय छोटा रास्ता अपना रही है. उन्होंने कहा, बेंगलुरु में आईटी सेक्टर में काम करने वाले 40 फ़ीसदी लोग दूसरे राज्य से हैं. यहां का इकोसिस्टम अच्छा है, इसी कारण इंडस्ट्री काबिल लोगों को आकर्षित कर पाई है. अगर आप इसे बर्बाद कर देंगे तो इसे दोबारा खड़ा करना मुश्किल है. सीके पद्मनाभ कर्नाटक स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं. उनका कहना है, हम स्थानीय लोगों को 70 फ़ीसदी नौकरी देने के लिए तैयार हैं. पर ये लोग हैं कहां? हमारे लोग आठ घंटे के लिए काम करने नहीं आते हैं. कुछ कारणों से ये सारे लोग सर्विस सेक्टर में जाना चाहते हैं.

पद्मनाभ ने कहा कि दूसरे राज्यों से बेरोज़गार बेंगलुरु में छोटे उद्योगों में सहायक का काम करने के लिए भी आ रहे हैं. ये कुछ ऐसा है कि भारतीय विदेश जाकर कड़ी मेहनत करते हैं कर्नाटक के श्रम मंत्री संतोष लाड ने विधेयक लाने के फ़ैसले का स्वागत किया है. उन्होंने बीबीसी को बताया, ये नौकरियों में आरक्षण नहीं है. हम इस बारे में काफ़ी खुले विचार रखते हैं. ये सिर्फ़ एक प्रोग्राम पर सहमति है. हम ये नहीं कह रहे हैं कि 70 फ़ीसदी रोज़गार अनिवार्य है. हम कह रहे हैं कि अगर 70 फ़ीसदी देना संभव नहीं है तो 20 फ़ीसदी ही दीजिए. युवाओं में काफ़ी रोष है और बतौर श्रम मंत्री ये मेरा फर्ज़ है कि मैं उनके अधिकारों की रक्षा करूं. इसमें ग़लत क्या है? संतोष लाड ने कहा कि जब कोई बिज़नेसमैन राज्य में निवेश करता है तो वो ये नहीं कहता कि सिर्फ़ बिहार या तमिलनाडु के लोगों को ही नौकरी दी जाएगी. लेकिन ज़मीनी स्तर पर एचआर मैनेजर अपने ही राज्य के लोगों की भर्ती कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि राज्य में टैलेंट के अभाव का तर्क ठीक नहीं है. संतोष लाड ने कहा, क्या उद्योग से जुड़े लोगों ने राज्य सरकार से कहा है कि उन्हें कैसी स्किल वाले लोगों की ज़रूरत है. क्या ट्रेनिंग देना उनकी नैतिक ज़िम्मेदारी नहीं है. यहां एक बड़ा नेचुरोपैथी इंस्टीट्यूट है. वहां कर्नाटक से सिर्फ़ 20 लोग नौकरी करते हैं. इसपर गौर कीजिए.

कर्नाटक के पूर्व एडवोकेट जनरल अशोक हर्नाहल्ली ने बीबीसी हिंदी को बताया कि 2020 में ऐसा ही एक कानून हरियाणा सरकार भी लाई थी लेकिन उसे पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने ख़ारिज कर दिया था क्योंकि ये संविधान की आर्टिकल 19 का उल्लंघन था. अशोक हर्नाहल्ली बताते हैं कि डॉक्टर प्रदीप जैन बनाम भारत सरकार केस में कहा गया था, ये कहा जाता है कि सभी भारतीयों का डोमिसाइल एक ही है और वो है - भारत का डोमिसाइल. भारत के संविधान के अनुच्छेद 5 का हवाला देते हुए कहा गया था कि यदि इसका उपयोग वैध उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए किया जाता है, तो यह देश की एकता और अखंडता को तोड़ देगा. पूर्व सरकारी वकील बीटी वैंकटेश का विचार है कि ये कानून पूरी तरह से असंवैधानिक है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं उन्हें भी इसकी जानकारी है. उन्होंने बीबीसी हिंदी को बताया, जो लोग ऐसा कर रहे हैं वो भी अच्छी तरह जानते हैं कि इसका उद्देश्य किसी के अहंकार का पोषण करना है.

अगर ऐसा होता है तो भारत एक देश के रूप में काम नहीं कर सकता. राज्य सरकार ये नहीं कह सकती कि केवल कन्नड़ लोगों को ही काम पर रखा जा सकता है. इसकी जगह पर सरकार उद्योगों को वैश्विक मानदंड की तरह अधिक समावेशी प्रोफ़ाइल बनाने के लिए कह सकती है. ऐसे मानदंडों का पालन दुनिया के कई देशों में पालन किया जाता है. सरकार कह सकती है कि नौकरियों में समावेशिता ज़रूरी है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-209 : राजा दशरथ के रात्रि से विशेष कक्ष में होने पर मंत्री सुमंत को हुआ संदेह

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा दशरथ ''हे राम'' कहते हुए शय्या पर गिर पड़े। आर्तजन द्वारा संकट के समय में अपने ईष्ट को पुकार लगाई जाती है। राजा दशरथ के जीवन के अंतिम आधार श्री राम ही हैं। उन्होंने श्री राम नाम का उच्चारण किया।

यह सुनकर रानी कैकेई ने अपना मंत्रोच्चार रोक दिया। राजा दशरथ अर्धमूर्छा की स्थिति में पुनः पहुंच गए। राजा ने पुकार लगाई, ''सुमंत! सुमंत!''

रानी कैकेई की आंखों में चमक आ गई। वे यह अनुमान लगाने लगीं कि उनकी मनोकामना अब पूर्ण हो जाएगी।

राजा की आवाज कक्ष में ही गूंजकर रह गई। यह रानी कैकेई का विशेष भवन है। राजा दशरथ भी कल रात्रि से इसी भवन में हैं। अतः महाराज की निजता का उल्लंघन न हो, इसके लिए द्वारपाल, प्रतिहारी और राज कर्मचारी आसपास उपस्थित नहीं हैं।

ब्रह्म मुहूर्त में सूर्योदय के पूर्व शुभ मंगल वातावरण होता है। प्रकृति पूरी तरह से शांत होती है। रात्रि के बीतने से पूर्व ही सूर्योदय के आने के चिह्न, अंबर में सूर्य किरणों की पूर्व बिखरी लालिमा के रूप में दिखाई देने लगते हैं। साधकों के लिए यह प्राणायाम और योग साधना का सर्वोत्तम समय होता है। रानी कैकेई भी साधना कर रही हैं, लेकिन प्रतीत यही हो रहा है कि यह निज स्वार्थ की पूर्ति के लिए है। उनकी सत्ता अयोध्या की सत्ता पर अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए है।

सुमंत जी लगभग पूरी रात भ्रमण कर अभिषेक की तैयारी का अवलोकन करते रहे। अभी घड़ी भर पूर्व ही तो वे अपने भवन में पहुंचे हैं। उन्हें अपने भवन के द्वार पर राजप्रासाद से आए हुए एक विशेष सेवक के आगमन की सूचना मिली।सुमंत जी तत्क्षण उसके पास पहुंचे। सेवक ने पूरी बात बताई।

''यह तो घोर आश्चर्य का विषय है कि महाराज कल रात्रि से रानी कैकेई के विशेष कक्ष में हैं। अभी दो प्रहर के भीतर अभिषेक का कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में यह एक असामान्य घटना है।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।

## लघुकथा

# मदद बेंची नहीं जाती

**विजय मिश्रा 'अमित'**



प्रदीप भोले शासकीय विभाग में बड़े पद पर सेवारत थे। उनका लालन पालन गरीब परिवार में हुआ था। गांव के साधारण स्कूल में ही वे पढ़े लिखे थे। इसके बावजूद उनके भीतर अंहकार, दंभ कूट कूक कर भरा हुआ था। उदारता, दयालुता जैसी बातें उन्हें बकवास लगती थी।

जब कभी वे गांव जाते थे, तो वहां भी नौकर चाकर, ग्रामीणजनों के साथ कठोर व्यवहार ही करते थे।ऐसे ही एक बार अपनी कार से वे गांव गये हुए थे। तब लौटते समय उनकी कार कच्चे रास्ते पर कीचड़ में बुरी तरह से धंस गई। गांव के एक दो लोग वहां से गुजरे पर उनके बुरे स्वभाव के कारण अनदेखी करते आगे बढ़ गये।

प्रदीप भोले को जल्दी शहर पहुंचना था, चूंकि कलेक्टर के साथ मीटिंग थी।ऐसे में बेचैनी में डूबे मदद की आस में वे बेबस खड़े थे। तभी दूर से एक लारी आते दिखी। हाथ देकर उन्होंने गाड़ी को रोका तब समझ में आया कि वह कबाड़ ढोने वाली गाड़ी थी। मरता क्या न करता अनमने मन से भोले कबाड़ी वाले से लिफ्ट लेकर शहर पहुंच गए।

गाड़ी से नीचे उतर कर उन्होंने कबाड़ी वाली से पूछा कितने पैसे दूं? इस पर कबाड़ी वाले नम्रता पूर्वक कहा-साहब जी मैं कबाड़ बेचता हूं मदद नहीं। मदद निःस्वार्थ की जाती है, इसकी कोई कीमत नहीं होती। इतना कहकर वह गाड़ी आगे बढ़ा दिया। गाड़ी से निकलते काले धूयें अहंकारी प्रदीप भोले के गाल पर तमाचा मारते हवा में विलीन हो गए।

**पूर्व अति महाप्रबंधक (जन) अग्रोहा कॉलोनी, पोआ-सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492013 मो.9893123310**

## सामयिक चर्चा

# विडम्बना

अखबार उठाकर, बानी बोले-
''हमें बड़ा दुख होता है
ऐसी खबर पढ़कर,
सुनिए गजाधर! कोरोनाकाल से
हम सीनियर सिटीजन को ट्रेन
सफर के लिए
दी जाने वाली छूट बंद कर दी गई है
जबकि सांसदों को अपनी पत्नी व
एक सहायक के साथ
निःशुल्क ट्रेन सफर की सुविधा
अब भी जारी है।
तो गजाधर! इसके कारण बताने की
अब आपकी बारी है।''
आप सोच कर, बताईए गजाधर!
सरकार ने ऐसा क्यों किया है?'
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
इसके दो कारण है''
पहला कि हम नहीं है सांसद
और दूसरा यह कि
जब सरकार, चुनाव में प्रत्याशी थी,
तब हमने उनको वोट दिया है।''
इसीलिए तो बानी!
आज मेरा मन भी अनमना है,
सोचता हूँ-
''यह कैसी विडम्बना है?''



गिरीश बख्शी

## पाठकों के पत्र

# आयुष्मान भारत में महिला संबंधित उपचार को जोड़ना चाहिये

छत्तीसगढ़ की आम जनता एक बहुत ही गंभीर समस्या से जूझ रही है जिसके कारण बहुत सी जानें जा रही हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आपको यह अवगत कराना हैं कि आयुष्मान भारत योजना के तहत वर्ष 2022 से आयुष्मान भारत के उपचार पैकेज से महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों को हटा दिया गया है, जैसे - नसबंदी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, नार्मल डिलीवरी या ऑपरेशन से डिलीवरी, जिसमें न केवल महिलाओं बल्कि हर परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर किसी महिला को प्रसव पीड़ा होती है, तो वह पास के निजी अस्पताल में जाती है जहां उसका आयुष्मान के तहत इलाज होता है, लेकिन जिस निजी अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत इलाज होता था वहां उपचार पैकेज हटा दिए जाने के कारण अब इलाज के लिए 30000-35000-45000 रुपए लिए जाते हैं। अगर पहले की तरह आयुष्मान भारत में महिलाओं से संबंधित इलाज होगा तो महिलाओं को इलाज के लिए किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आगे इस पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करना चाहता हूँ कि आयुष्मान भारत के तहत महिला संबंधित उपचार जोड़ने की कृपया करें। जिससे राज्य के नागरिकों (महिलाओं) को इलाज के लिए निजी अस्पताल में सुविधा मिलेगी।

**दीपेश शेंडे**
**जिला महामंत्री (अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भाजपा)**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। अपने ऊपर भरोसा रखें, दूसरों की बातों में ना आये।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन व्यवस्थित और मन मुताबिक तरीके से बीतेगा। आज आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई उपलब्धि मिलने की उम्मीद है। इस समय अपने महत्वपूर्ण कार्यों को ही प्राथमिकता पर रखें।

**मिथुन** — आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आएंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन- मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी उलझन हो सकती है। आज आपको एक तरफा सोचने से बचना चाहिए, बेहतर रहेगा की आप सभी पहलुओं को पर विचार करें।

**सिंह** — आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है। साथ ही बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा-सा गिफ्ट कर सकते हैं। संतान पक्ष से सुख प्राप्त होगा।

**कन्या** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन है।

**तुला** — आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। रुके हुये कुछ खास काम, आज पूरे होंगे इससे आपको प्रसन्नता होगी। साथ ही किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिये की गयी कोशिशों का भी अच्छा परिणाम मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आज आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। नवविवाहित दंपत्ति आज हर बात समझने की कोशिश करेंगे। आज दोस्तों का सहयोग मिलेगा। साथ ही वो किसी काम में आपसे सलाह भी ले सकते हैं।

**धनु** — आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान बनायेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है। इनकम के एक्स्ट्रा सोर्स मिलने से आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा।आज किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई नई बात सीख सकते हैं।

**कुंभ** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आपको कई नये काम करने के मौके मिलेंगे, जिनमें आप सफल भी होंगे। आप दूसरों की मदद के लिये तैयार रहेंगे।

**मीन** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते में मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी 18 सूत्रीय मांग को लेकर रहेंगे दो दिवसीय हड़ताल पर

## एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी का रायपुर में प्रदर्शन



मोहला (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण कर्मचारी संघ के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी का जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के एनएचएम कर्मचारियों का लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग के संबंध में प्रदेश स्तरीय दो दिवस धरना प्रदर्शन आंदोलन रायपुर में 22 एवं 23 जुलाई को दो दिवस किया जाना है, इस हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया है।

ज्ञापन देते समय एनएचएम कर्मचारियों में एकजुटता दिखाई दी। एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विगत 6 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार ज्ञापन एवं आवेदन दिया जा चुका है, इसके बाद भी कोई भी कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त कर्मचारी में भारी रोष व्याप्त है, जिससे आंदोलन में जाने विवश हो रहे हैं।

ज्ञात हो कि पिछली जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रदान किया गया था, कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि उक्त वेतन वृद्धि लाभ स्वच्छता मिशन, मनरेगा, समग्र शिक्षा विभाग को मिल गया है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के 15000 संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि अब तक अप्राप्त है, जिसके कारण कर्मियों में भारी निराशा एवं रोष व्याप्त हैं, जिससे विवश होकर एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 22 व 23 जुलाई को बड़ी आंदोलन के तैयारी में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ को पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया है।

### हड़ताल से होंगे कार्यक्रम प्रभावित

प्रबंधकीय कार्य, रिपोर्टिंग, संस्थागत, प्रसव, टीकाकरण, ओपीडी, आईपीडी, पोषण पुनर्वास केंद्र, एनसीडी, आरबीएसके, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी टेस्ट,दवाई वितरण,मलेरिया, गर्भवती महिलाओं का रूटीन टेस्ट, एच आई वी एड्स टेस्ट जाँच एंव काउंसलिंग,डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम पर प्रभावित हो सकता है, वर्तमान में जिला में डायरिया नियंत्रण अभियान , शिशु संरक्षण माह चल रहा हैं कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से सभी स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित होगा आम जनता को परेशानी का करना पड़ेगा सामना.

### 18 बिंदुओं में है प्रमुख मांगे

नियमितिकरण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण ,वेतन विसंगति निराकरण, सीआर व्यवस्था में सुधार, चिकित्सा परिचर्या, अवकाश नियम में बदलाव,अनुकंपा नियुक्ति और अनुदान में राशि मे वृद्धि, सेवा पुस्तिका संधारण,तबादला व्यवस्था में नियमितता जैसी प्रमुख मांगें सम्मिलित हैं। ज्ञापन के दौरान ज़िले के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम







गंडई (दावा)। महासंघ एवं नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेश के गंडई, खैरागढ़-छुईखदान समेत प्रदेश के 184 नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान की मांग को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव, प्रदेश कोषाध्यक्ष, एवं अन्य पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है। वर्तमान स्थिति में लगभग सभी नगरीय निकायों में विगत एक से चार माह का वेतन भुगतान लंबित है। इस संबंध में न तो निकाय ध्यान दे रहा है ना ही शासन, वेतन लंबित होने के कारण निकाय के कर्मचारियों की आर्थिक एवं मानसिक स्थिति खराब हो रही है. जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पढ़ रहा है। इस संबंध में बताया गया है कि वेतन समस्या का निराकरण किये जाने हेतु विभागीय संचालक, सचिव, विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया है। किंतु शासन द्वारा इस संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है। वेतन नहीं मिलने के कारण प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

22 जुलाई को प्रदेश में कलमबंद हड़ताल किया जाएगा। 29 जुलाई को प्रदेश के संपूर्ण नगरीय निकाय द्वारा अपने-अपने जिला स्तर में धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके पश्चात भी कर्मचारियों के मांगों के संबंध में शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किया जाता है तो संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

# पहला कॉलम...

## रोपवे 22 जुलाई से 2 दिन बंद रहेगा



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा संचालित रोप-वे का मरम्मत (मेन्टेनेंस) कार्य कराया जाना है। जिस वजह से दिनांक 22 जुलाई से 23 जुलाई तक रोपवे बंद रहेगा। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात रोप-वे का संचालन पूर्ववत प्रारंभ होगा। उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## पिनकापार कन्या प्राथमिक शाला में एक ही शिक्षिका के भरोसे टीका है बच्चों का भविष्य





हरदी (दावा)। कन्या प्राथमिक शाला पिनकापार में सिर्फ एक ही शिक्षिका के भरोसे टीका है 51 बच्चों का भविष्य। पिनकापार कन्या प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक विमला बोरकर जो कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 वीं तक अकेली पढ़ा रही है। प्रधान पाठक बोरकर ने बताई कि बीओ डौंडीलोहारा द्वारा एक शिक्षक का व्यवस्था किया गया था। उसे भी मूल स्थान पर वापस भेज दिया गया है। पालक जाग्रत देवांगन का कहना है कि जब नींव को मजबूत करने वाला कोई नहीं है तो आगे किस हिसाब से बच्चे पढ़ेंगे सरपंच द्वारा जिला शिक्षाधिकारी से मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया एसएमएस के सदस्य दिलेश्वर भुआर्य ने जिला शिक्षा अधिकारी से बात कर अतिशीघ्र हल निकालने की बात कही है। एवं कन्या माध्यमिक शाला के शिक्षक नितेश कुमार लोन्हारे को कन्या प्राथमिक शाला में रिलीव कर रहे हैं उसे कन्या माध्यमिक शाला में यथावत रखा जाए जबकि डौंडीलोहारा बीईओ द्वारा बिना अध्ययन किए महत्वपूर्ण गणित विषय के शिक्षक को कन्या प्राथमिक शाला में भेज रहे हैं जो कि बच्चों के साथ अन्याय है। पालक एवं बच्चे विसंगति मान रहे हैं। समिति के सदस्य शीघ्र जिला शिक्षाधिकारी को आवेदन सौपेंगे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नेशनल हाइवे के किनारे वृक्षारोपण



डोंगरगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश भर में शुरू किये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बीते दिवस नेशनल हाइवे के किनारे वृहद वृक्षारोपण किया गया। ग्राम पंचायत ओड़ारबांध सरपंच श्रीमती सुनीता साहू, सचिव बेदनाथ उइके तथा हेल्थ वर्कर सरिता तिवारी के विशेष प्रयास से आयोजित उक्त अभियान में ग्रामीणों महिलाओं ने भी अपनी महती भूमिका निभाई। अभियान के तहत नेशनल हाईवे जीई रोड के किनारे ग्राम टप्पा व ग्राम पंचायत ओड़ारबांध के आश्रित ग्राम मलईबरी में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा कटहल, गुलमोहर, आम सहित अनेक प्रजाति के वृक्ष रोपे गये। साथ ही ग्राम की महिलाओं ने लगाये गये पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी ली। इसके साथ ही शास.प्राथ.शाला तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मलईडबरी में भी वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता मंडावी, राजकुमारी साहू, कामिन साहू, वर्षा निषाद, दुलारी साहू सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

## विशिष्ट दिव्यांगता के आकलन के लिए जारी नए दिशा-निर्देश विषय पर दी गई जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। सीआरसी राजनांदगांव द्वारा विशिष्ट दिव्यांगता के आकलन के लिए जारी नए दिशा-निर्देश विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन सीआरई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक सीआरसी श्रीमती स्मिता महोबिया द्वारा विशिष्ट दिव्यांगता के आकलन के लिए जारी नए दिशा-निर्देश विषय के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में व्यावसायिक चिकित्सक स्वेता श्रोती, नैदानिक सहायक श्रीमती पूनम, पुनर्वास मनोवैज्ञानिक श्री दीपक बंसोड़, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सार्थक बाफना, सहायक प्रोफेसर नैदानिक मनोविज्ञान प्रशांत मेश्राम ने व्याख्यान दिए।

# गुरु पूर्णिमा पर होगा साहू समाज नगर इकाई लखोली का शपथ ग्रहण समारोह



राजनांदगांव (दावा)। साहू समाज के महत्वपूर्ण सामजिक बैठक 16 जुलाई दिन मंगलवार को साहू समाज नगर इकाई लखोली का बैठक कर्मा भवन बैगापारा में रखा गया था जिसमें बैठक में उपस्थित पार मुखिया और सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पूर्व पदाधिकारी कार्यकारिणी समिति को भंग कर नवीन पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें समाज द्वारा अध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, राधेश्याम साहू सचिव, नारायण लाल साहू सहसचिव, हेमंत कुमार साहू कोषाध्यक्ष, लिखेद्र साहू सहकोषाध्यक्ष, डाकेश्वर साहू संगठन मंत्री, अमर दास साहू, जय कुमार साहू, ढाल सिंह साहू, संरक्षक छबिलाल साहू, विष्णु साहू, डॉक्टर पोषण लाल साहू, ईश्वर लाल साहू, रमेश साहू को साहू समाज नगर इकाई लखोली नवीन पदाधिकारी की घोषणा की गई। बैठक में ही गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ही नवीन पदाधिकारियों के शपथ समारोह का कार्यक्रम 21 जुलाई को सामाजिक कर्मा भवन लखोली में दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से रखा गया हैं, जिसमें समाज के जिला पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

### समाज के विकास सहित सामाजिक सरोकार के दायित्व का करेंगे निर्वहन - छबि लाल साहू

साहू समाज लखोली के वरिष्ठ संरक्षक छबि लाल साहू ने बताया कि 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नवीन पदाधिकारीयों का शपथ समारोह जिला साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। जिसमें लखोली के समस्त सामाजिक भाई बंधु माता बहनें सम्मिलित होंगे। समाज के नवीन पदाधिकारी समाज के विकास रीति-नीति के साथ सामाजिक सरोकर पौधरोपण, रक्तदान सिकलसेल थैलीसीमिया जैसे जागरूकता कार्यों में अपनी सहभागिता निभाएँगे।

# मृतका की याद में स्कूली बच्चों को मिला न्योता भोज



डोंगरगांव (दावा)। शिक्षा में सामाजिक सहभागिता बढ़ाकर बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री पोषक आहार अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब के सभी विद्यार्थियों को न्योता भोजन कराया गया। स्वर्गीय श्रीमती रम्हला साहू की याद में मनराखन साहू एवं उनके पुत्र गजेन्द्र साहू, झूम्मन साहू, मिथलेश साहू, कोमल साहू के द्वारा सभी बच्चों को खीर, पूड़ी, बड़ा, चावल, दाल, आलू चना की स्वादिष्ट भोजन प्रेमपूर्वक परोसकर खिलाया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच टीकमदास साहू, शिक्षक निमनदास देशलहरे, अजय कुमार साहू, कमल कुमार जोशी, देशूराम देवांगन, नारद हिरवानी, संकुल समन्वयक दुष्यन्त कुमार साहू, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक कमोलनी लहरे, शिक्षिका कमला सिन्हा उपस्थित रही। दिवंगत रम्हला साहू के आत्म शान्ति के लिए शिक्षिका कमला सिन्हा ने सभी बच्चों को शांति पाठ करवाया। प्रधानपाठक इन्दजीत साहू न्योता भोज कराने के लिए मनराखन साहू, कोमल साहू एवं उनके परिवार का धन्यवाद किया।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने कलेक्टर और एसडीएम पर लगाया संगीन आरोप



अंबागढ़ चौकी (दावा)। विधायक भोलाराम साहू ने प्रेस कांफ्रेंस कर के प्रशासनिक अधिकारियों की सत्ता परिवर्तन होते ही इनके क्रियाकलाप और दोहरी नीति को प्रेस कांफ्रेंस कर उजागर किया और भोलाराम साहू ने कहा 22 तारीख से विधानसभा सत्र की शुरुआत है और विधायक जनपद परिक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ बैठक कर समस्या जानकर समझकर उनके निदान के लिए विधानसभा पटल में सत्ता सरकार का ध्यान आकर्षित कर क्षेत्र की ज्वलंत समस्या को अवगत करा सके। विधायक ने कई बार दूरभाष से मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी कलेक्टर एवं मोहला एस.डी.एम को अवगत किया गया, पर आज तक विधायक की बात नहीं सुनी गई।

विधायक भोलाराम साहू ने पत्रकारवार्ता कर शासन-प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया। स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली व किसानों की समस्या, जुआं-सट्टा, शराब पर पुलिस विभाग पर जमकर हमला किया और कहा पूरे क्षेत्र के लोग बता रहे। अगर तुरंत ठीक नहीं किया गया तो आन्दोलन किया जायेगा। पूर्ववती कांग्रेस सरकार के समय जो मूलभूत विकास के लिए जो राशि आयी थी वो वापस हो गई। भाजपा सरकार आते ही जिसके कारण विकास रुक गया एवं कृषि भूमि डायवर्सन में जो तकलीफ आ रही है, नगर पंचायत में उसको विधानसभा पटल में रखकर निदान करने की कोशिश करेंगे।

विधायक ने कहा जब ये अधिकारी मेरी बात नहीं सुनते तो किसकी बात सुनेंगे। मैं मुख्यमंत्री से एवं विभागीय मंत्री से शिकायत करूंगा। कहे बाकी आम जनता का क्या हाल होगा ये कहा विधायक ने कहा अब बात होगी सीधे विधानसभा में मैं क्षेत्र के जनता के साथ खड़ा हु। अब अधिकारी देख ले भाजपा सरकार के साथ खड़े है या जनता के साथ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या ताम्रकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रीतेश मेश्राम, पार्षद साधना सिंह, अशोक वर्मा, विजय यादव, मुकेश सिन्हा, विमला कलहारी, श्याम लाटा, मनीष साहू, नरेश यादव, गोलू खान, उदेराम साहू, बेनी साहू, राजू योगी उपस्थित थे।

# शिशु संरक्षण माह शुभारंभ



बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.के. सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक आयोजित किये जायेंगे। जिसका विधिवत शुभारंभ दिनांक 09 जुलाई 2024 को मितानिन भवन बालोद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.के. सूर्यवंशी व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.के. सिंह द्वारा एक वर्षीय बच्ची को विटामिन-ए सिरप व आयरन सिरप पिलाकर किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.के. सिंह ने बताया कि शिशु संरक्षण माह का आयोजन 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक मंगलवार व शुक्रवार को किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सेवाएं निःशुल्क प्रदाय की जाएगी, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का टीकाकरण तथा विटामित ए सम्पूरक आहार की प्रदायगी, कुपोषित बच्चों की पहचान, रक्त अल्पता से पीड़ित व प्रभावित बच्चों को आयरन सिरप से तथा गर्भवती माताओं का पंजीयन, जाँच, आयरन टेबलेट के द्वारा उपचारित किया जाना है। टीकाकरण सत्रों के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में उपरोक्तानुसार उल्लेखित शिशु व मातृ स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं का संवर्धन कराया जाना है।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.के. सिंह, जिला सलाहकार डॉ. अरविन्द मिश्रा, जिला मीडिया अधिकारी आर.के. सोनबोईर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू, जिला वैक्सीन स्टोर मैनेजर आर.के. सहारे, एलएचव्ही श्रीमती चन्द्रिका उइके, श्रीमती इन्दु साहू, स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती एस. सहारे, श्रीमती ललिता साहू एवं मितानिन, बच्चे व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# 19 जुलाई से 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह दिवस

**कलेक्टर ने 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक, आयरन तथा आईएफ का सिरप पिलाने की अपील की**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है। कलेक्टर ने जिले के सभी 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के पालकों से बच्चों के समग्र बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए टीकाकरण सत्र के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में अपने बच्चों को ले जाकर विटामिन ए, आयरन तथा आईएफ का सिरप पिलाने की अपील की है।

शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में किया गया।

उन्होंने बताया कि शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक मंगलवार एवं शुक्रवार को टीकाकरण सत्र के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पिलाई जाएगी। इसके साथ ही 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार 1-1 मिली आयरन की सिरप मितानिन के माध्यम से गृह भ्रमण के दौरान एवं आंगनबाड़ी में पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया कि विटामिन ए के सेवन से शरीर में रोगों से लड़ने के क्षमता में वृद्धि होती हैं। आंखों की परत यानी कार्निया सुरक्षित होती है, इससे बाल मृत्यु दर में कमी, दस्त, खसरा एवं आंखों की रोग रतौंधी से बचाव तथा कुपोषण में कमी आती है।

विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम के जरिए बाल जीवितता में 20 फीसदी बढ़ोतरी संभव है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. यूएस चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, आरएमएनसीएच ए सलाहकार डॉ. स्नेहा जैन, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पूजा मेश्राम एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# गिधवा में पटेल चुनाव में पोषणलाल साहू विजयी



हरदी (दावा)। ग्राम पंचायत गिधवा में पटेल का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें पोषण लाल साहू को विजयी घोषित किया गया। पटेल चुनाव के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे। नारायण देवांगन जो गाँव के वर्तमान पटेल है। एवं युवा उम्मीदवार पोषण लाल साहू के बीच कड़ा मुकाबला था। नारायण देवांगन को 121 मत प्राप्त किया। पोषण लाल साहू को 151 वोट प्राप्त किया। पोषण लाल साहू 30 वोट से विजयी प्राप्त किया। पोषण लाल साहू के पटेल बनने पर साहू समाज एवं गाँव के लोगों में खुशी की लहर है। देर रात तक गाँव में विजयी रैली निकाला गया था। पोषण लाल साहू के घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। पटेल चुनाव नायब तहसील दार मार्री बंगला देवरी, आर आई मार्री बंगला देवरी के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। ग्रामीण किरत साहू, हेमंत साहू, पुरूषोत्तम साहू, धिराज साहू, रोहित साहू, डोमन साहू, कुमार साहू, नरेश साहू, पारख साहू, भोला राम साहू, चमरू साहू, चोवा राम साहू, उमाशंकर साहू, सेवक राम, टीकम साहू, ओमप्रकाश साहू, पवन साहू, दीनु साहू, दीपचंद साहू, रमेश साहू, भीखू साहू, शोभित साहू, डेहेर साहू, मोहन कामड़ी, पदुमलाल सेवता, अजीत साहू, तामेश्वर साहू, घनश्याम सागरवंशी, बादल सेवता, बंशी राम साहू, भोज राम भुआर्य, ढालु राम साहू, लेखचंद साहू, मंथीर सेवता, सुखचंद सेवता, डोमन सेवता, घंसु साहू, मंगलु देवदास, दशरथ साहू, गुरुमिलन साहू, भुवन साहू ने पोषण लाल साहू के ग्राम पटेल बनने पर खुशी जाहिर किया है।

# एसबीआई प्रबंधक से सभी प्रमुख स्थानों पर ए.टी.एम.की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग



डोंगरगढ़(दावा)। एसबीआई प्रबंधक से सभी प्रमुख स्थानों पर ए.टी.एम.की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की ओर से की गई है। स्टेट बैंक के प्रबंधक को सौपे गए पत्र में कहा गया है कि, डोंगरगढ़ शहर की आबादी लगभग 50,000 हो गई है। और शहर के अधिकतर नागरिक का खाता आपके बैंक में ही है। चुंकि शहर में विभिन्न स्थानों पर ए.टी.एम. की सुविधा आपके द्वारा प्रदान की गई थी। जिसमें से अधिकतर ए.टी.एम. को अब बंद कर दिया गया है। सिर्फ कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही ए.टी.एम. उपलब्ध है। जो कि शहर के लिए पर्याप्त नहीं है। बैंक में भी कैश काउन्टर की कमी है।और लेन-देन हेतु लम्बी कतार लगती है। जिससे आम नागरिक परेशान होते है। इसलिए डोंगरगढ़ के विशेष स्थान जैसे रेल्वे स्टेशन, बुधवारी पारा, खण्डूपारा, गोल बाजार, कालकापारा, नाकापारा, इण्डेन गैस एजेन्सी आदि के पास उक्त स्थानों पर ए.टी.एम. होना अति आवश्यक है।आम नागरिकों की ओर से निवेदन किया गया है कि अपने ग्राहको, डोगरगढ़ के नागरिको और ग्रामीणो की सुविधा हेतु उपरोक्त स्थान पर शीघ्र ए.टी.एम. की सुविधा उपलब्ध कराए।

# पहला कॉलम...

## चिप्स खाकर जापान के 14 छात्रों की बिगड़ी हालत

टोक्यो। जापान में भारत की सबसे तीखी मिर्च (भूत झोलकिया) से बने आलू के चिप्स खाने के बाद 14 छात्रों बीमार पड़ गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जापान के स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, यह चिप्स बेहद मसालेदार थे, जिसे तकरीबन 30 छात्रों ने खाए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, 16 जुलाई को एक छात्र टोक्यो के अपने स्कूल में खाने के लिए भूत झोलकिया मिर्च से बने चिप्स लेकर आया था। चिप्स को 30 छात्रों ने खाया। हालांकि, चिप्स पर यह चेतावनी भी दी गई थी कि 18 साल से कम उम्र के लोगों को यह उत्पाद नहीं खाना चाहिए। इसके बावजूद छात्रों ने इसे खा लिया।

चिप्स खाने के बाद कई छात्रों ने मतली और मुंह में दर्द की शिकायत शुरू कर दी। छात्रों से शिकायत मिलने के बाद स्कूल प्रसाशन ने पुलिस सूचनी दी। इसके बाद 14 छात्रों को अस्पताल ले जाया गया। वहीं, चिप्स बनाने वाली कंपनी इसोयामा कॉर्प ने इस घटना के बाद एक बयान में 18 साल से अधिक उम्र वालों के लिए चेतावनी दोहराई।

## प्राकृतिक गैस की खपत 7.1 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। घरेलू स्तर पर प्राकृतिक गैस की खपत में सालाना आधार पर 7.1 प्रतिशत की बढ़त जून में देखने को मिली है। इस कारण प्राकृतिक गैस आयात में भी 11.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। जून में प्राकृतिक गैस की खपत 5,594 मिलियन मैट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एमएमएससीएम) थी, जिसमें से 2,648 एमएमएससीएम का आयात किया गया और 2,993 एमएमएससीएम का घरेलू स्तर पर उत्पादन किया गया।अप्रैल से जून तिमाही में प्राकृतिक गैस की खपत में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत की बढ़त हुई है। वहीं, घरेलू स्तर पर उत्पादन में 5.7 प्रतिशत और आयात में 0.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एलएनजी की कीमत बीते चार महीने में 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

## एलआईसी के शेयर में बंपर तेजी

मुंबई । देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एलआईसी) के शेयर में बीते एक वर्ष में बंपर 78 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। शेयर में तेजी की वजह सरकारी शेयरों की तरफ निवेशकों के रुझान और कंपनी के प्रदर्शन को माना जा रहा है। शेयर की कीमत गुरुवार दोपहर 12.30 बजे 1,101 रुपये थी, जो कि 18 जुलाई, 2023 को 620 रुपये थी। एलआईसी का प्रदर्शन बीते एक वर्ष में काफी अच्छा रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की आय 8.46 लाख करोड़ रुपये रही, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में 7.84 लाख करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 35,997 करोड़ रुपये से बढ़कर 40,885 करोड़ रुपये हो गया। अन्य इंश्योरेंस सेक्टर के शेयरों की बात करें तो एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने करीब दो प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है। बीते एक वर्ष में एचडीएफसी ग्रुप की लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के शेयर की कीमत 656 रुपये से घटकर 645 रुपये रह गई है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने पिछले एक वर्ष में करीब 24 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसके शेयर का भाव 1628 रुपये है, जो कि 18 जुलाई, 2023 को 1,314 रुपये था।

## हैदराबाद जीसीसी में 3,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी सनोफी हेल्थकेयर

नई दिल्ली । फ्रांसीसी दवा कंपनी सनोफी हेल्थकेयर इंडिया अगले छह साल में हैदराबाद में अपने ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर (जीसीसी) में लगभग 3,600 करोड़ रुपये (40 करोड़ यूरो) का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि इसमें 2025 तक लगभग 900 करोड़ रुपये (10 करोड़ यूरो) का निवेश किया जाएगा। उसकी योजना 2026 तक 1,600 अतिरिक्त नौकरियां सृजित करने की भी है। सनोफी में बिजनेस ऑपरेशंस की कार्यकारी उपाध्यक्ष मैडेलीन रोच ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हैदराबाद जीसीसी का विस्तार कर अगले दो साल में कर्मचारियों की संख्या लगभग 2,600 की जाएगी, जिससे यह सनोफी के चार वैश्विक केंद्रों में सबसे बड़ा हो जाएगा।

हैदराबाद में 2019 में स्थापित जीसीसी में फिलहाल 1,000 कर्मचारी हैं। सनोफी के अन्य जीसीसी बुडापेस्ट, मलेशिया और कोलंबिया में हैं। रोच ने कहा कि अब यह सुविधा महज एक मेडिकल हब होने की बजाय तेजी से विकसित होकर दुनिया भर में फर्म के वैश्विक कार्यों और सहयोगियों को विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रही है। विस्तार के साथ-साथ कंपनी का लक्ष्य भारत में अपनी उपस्थिति और अपने वैश्विक परिचालन को भी बढ़ाना है।

# भारत ने एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को दी शिकस्त, 7 विकेट से जीत दर्ज कर किया शानदार आगाज

नई दिल्ली। महिला एशिया कप 2024 में डिफेंडिंग चैंपियन भारतन ने जीत के साथ आगाज किया है। पाकिस्तान को एकतरफा मुकाबले में 7 विकेट से मात दी। दोनों के बीच दांबुला के क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबला खेला गया।





पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में मात्र 108 रन बनाकर सिमट गई। पाकिस्तान की भारतीय गेंदबाजी के आगे पूरी तरह से बिखर गई। पूजा वस्त्राकर ने दो ओवर में दो विकेट लेकर पाकिस्तान को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल ने मिडिल ऑर्डर को झकझोर कर रख दिया।

पाकिस्तान की तरफ से सिदरा अमीन ने सर्वाधिक 25 रन की पारी खेली। तुबा और फतिमा ने 22-22 रन का योगदान दिया। दीप्ति शर्मा ने तीन विकेट हासिल किए। पूजा, रेणुका और श्रेयंका पाटिल को दो-दो विकेट मिले।

### शेफाली-मंधाना की तूफानी पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने तेज शुरुआत की। पहले विकेट के लिए मंधाना और शेफाली के बीच 85 रन की साझेदारी हुई। मंधाना ने 45 रन की पारी खेली तो शेफानी ने 40 रन का योगदान दिया। दयालन हेमलता ने 14 रन की तेज पारी खेली। भारत ने 14.1 ओवर में 109 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### स्मृति मंधाना फिफ्टी चूकीं

10वें ओवर में टीम इंडिया ने पहला विकेट गंवाया। यहां स्मृति मंधाना 45 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें सैयदा अरूब शाह ने आलिया रियाज के हाथों कैच कराया। शाह ने 85 रन की पार्टनरशिप ब्रेक की।

### दीप्ति के ओवर में 3 विकेट

18वां ओवर डाल रही दीप्ति शर्मा के ओवर में 3 विकेट आए। उनकी पहली बॉल पर दीप्ति ने तुबा को आउट किया। यहां 22 रन पर खेल रही तुबा ने पॉइंट पर शॉट खेला। राधा यादव ने शानदार कैच लिया। इसी ओवर की चौथी बॉल पर बैटिंग करने आई सैयदा अरूब शाह रन आउट हो गई। यहां राधा यादव ने शानदार फील्डिंग करके उन्हें रन आउट किया। अगली ही बॉल पर नशरा सिंधू आउट हो गई। सिंधु को दीप्ति ने विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराया। दीप्ति ने लगातार बॉल पर विकेट लिए।

### भारतीय महिला टीम की प्लेइंग इलेवन

भारतीय महिला टीम की प्लेइंग इलेवन- स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, रेणुका ठाकुर सिंह

# माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर हुआ डाउन ट्रेन से प्लेन तक सब कुछ ठप



नई दिल्ली। दुनियाभर के देश आज एक अजीबोगरीब परेशानी से जूझ रहे हैं। अचानक माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर डाउन हो गया और पूरी दुनिया में एयरलाइंस से लेकर ट्रेन सेवाएं तक ठप हो गईं। रेडियो, टीवी प्रसारण बैंकिंग, टेलिकॉम सेवाएं ठप हो गई हैं। ब्रिटेन में स्काई न्यूज का लाइव प्रसारण और लंदन स्टॉक एक्सचेंज की सेवाएं बंद हो गई हैं। फ्लाइट्स आसमान में अटक गई हैं। ट्रेनें पटरियों पर रुक गई हैं। पैसेंजर्स आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं।

फ्लाइटों की लैंडिंग नहीं हो पा रही है, जिसके कारण लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। एहतियातन एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइए जेट समेत कई एयरलाइंस ने अपनी फ्लाइटें कैंसिल कर दी हैं। दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से भी पैसेंजर्स को अलर्ट किया गया है कि वे परेशान न हों, लेकिन एयलाइंस की सेवाएं ठप हैं। बहाली होते ही फिर से सेवाएं शुरू की जाएंगी, जिसके बारे में जल्दी बता दिया जाएगा। बता दें कि माइक्रोसॉफ्ट के एज्योर क्लाउड और माइक्रोसॉफ्ट 365 सर्वर डाउन हुआ है।

क्या समस्या आई है?

बता दें कि माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विस ठप हो गई है। विंडोज 10 में नए क्राउडस्ट्राइक अपडेट के कारण सर्वर में तकनीकी खराबी आई। एंटी-वायरस और एंडपॉइंट सिक्योरिटी कंपनी क्राउडस्ट्राइक ने जैसे ही सर्वर को अपडेट करना शुरू किया, क्र्स्ल्र्ह्ठ एरर विंडो पर आने लगा। इससे पहले की कंपनी कुछ कर पाती, भारत-अमेरिका समेत दुनियाभर के देशों में सेवाएं रुक गईं। कई एयरलाइंस कंपनियों की फ्लाइट कैंसिल हो गई हैं। फ्लाइट बुकिंग, कैंसिलेशन से लेकर चेक-इन तक की सेवाएं प्रभावित हुईं हैं। भारत में इंडिगो, आकासा और स्पाइसजेट ने भी सेवा ठप होने को लेकर एडवाइजरी जारी की है।

# पेरिस ओलंपिक में भारत के ट्रेन कुत्ते निभाएंगे अहम भूमिका



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक्स का रंगारंग आगाज 26 जुलाई को होगा और ये खेल 11 अगस्त तक चलेंगे. दुनिया के लगभग 10 हजार से भी ज्यादा एथलीट यहां इकट्ठा होने वाले हैं. बता दें कि खेलों में सुरक्षा इंतजाम को दुरुस्त करने के लिए दुनिया भर से 10 एलीट डॉग स्क्वाड का चयन हुआ है. इनमें 2 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की डॉग_य-9 टीम भी शामिल हैं. ये स्क्वाड ओलंपिक खेलों के समापन तक पेरिस में सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे.

ये पहला मौका है जब भारत के ये 2 डॉग किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर काम कर रहे होंगे. भारत के इन कुत्तों के नाम वास्ट और डेनबी है, जिनकी उम्र क्रमशः 5 और 3 साल है. दोनों को इस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट पर जाने से पहले 10 हफ्तों की कड़ी ट्रेनिंग से गुजरना पड़ा है. उनकी देखरेख करने वाले जवानों को भी ट्रेनिंग दी गई और साथ ही थोड़ा बहुत फ्रेंच भाषा का भी ज्ञान दिया गया है. ये 2 कुत्ते बेल्जियन शेफर्ड मैलिनोइस नस्ल के हैं, जिनकी दुनिया भर में सुरक्षा के क्षेत्र में मांग काफी ज्यादा है. वास्ट और डेनबी 10 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना हो गए थे और उसी दिन अपने गंतव्य पर पहुंच भी गए थे. ष्टक्रक्क्स्न ने एक स्टेटमेंट जारी करते हुए बताया था कि ये दोनों कुत्ते गोला-बारूद और नशीले पदार्थ का भी सूंघ पर पता लगा सकते हैं. जहां तक 2024 ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की बात है, इस बार भारत से कुल 117 एथलीट भाग ले रहे होंगे. 72 एथलीट तो ऐसे है तो पहली बार ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे होंगे. गगन नारंग को भारतीय दल के शेफ डी मिशन होने का भार सौंपा गया है, जो सारी प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने का काम करेंगे.

# सूर्यकुमार यादव के टी-20 क्रिकेट में बतौर कप्तान बेहद शानदार हैं आंकड़े



नईदिल्ली। सूर्यकुमार यादव को 27 जुलाई से मेजबान श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाली 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है।उन्होंने बतौर कप्तान रोहित शर्मा की जगह ली, जिन्होंने भारत को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब दिलाने के बाद इस प्रारूप से संन्यास ले लिया। सूर्यकुमार को बतौर कप्तान हार्दिक पांड्या पर तरहीज दी है।यहां हम सूर्यकुमार के टी-20 क्रिकेट में बतौर कप्तान आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

सूर्यकुमार ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बतौर कप्तान अपनी शुरुआत की थी।उस सीरीज में सूर्यकुमार ने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया और भारत ने सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमा लिया।उसके बाद उन्होंने भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 1-1 से बराबरी दिलाई। ऐसे में सूर्यकुमार के नेतृत्व में भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 जीत और 2 हार दर्ज की हैं।

सूर्यकुमार ने अब तक 24 टी-20 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें से 16 में उन्होंने जीत दर्ज की है।उन्होंने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 40.50 की औसत से 810 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 165.64 की रही है।इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक और एक शतक भी जड़ा है। यह शतकीय पारी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में आई थी।कप्तान सूर्यकुमार के नाम 164.83 की स्ट्राइक रेट से 300 टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। सूर्यकुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी कप्तानी की है। उन्होंने आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी।उस मैच में इस धाकड़ खिलाड़ी ने 25 गेंदों में 43 रन की तेजतर्रार पारी खेली, जिससे 5 बार की चैंपियन टीम ने 17.4 ओवर में 186 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

# कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भारतीय टीम के सेलेक्शन पर उठाए सवाल



भारतीय टीम जल्द श्रीलंका दौरे पर जाने वाली है, जिसके लिए स्क्वाड का एलान किया जा चुका है. कई दिन इंतज़ार करवाने के बाद आखिरकार क्च्ष्टष्टढ्ढ ने ङ्ग के माध्यम स्क्वाड का एलान कर दिया है. वनडे और टी20 सीरीज के लिए टीम काफी अलग है, लेकिन अब एक कांग्रेसी नेता सेलेक्शन को लेकर भड़क गया है. शशि थरूर ने संजू सैमसन को वनडे सीरीज और अभिषेक शर्मा को किसी भी स्क्वाड में जगह ना दिए जाने पर आपत्ति जताई है. उन्होंने क्च्ष्टष्टढ्ढ द्वारा किए गए सेलेक्शन पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

भारतीय टीम का एलान होने के बाद शशि थरूर ने %एक्स% पर एक पोस्ट करते हुए लिखा - इस महीने श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय स्क्वाड काफी दिलचस्प है. मगर संजू सैमसन, जिन्होंने अपने पिछले वनडे मैच में शतक लगाया था लेकिन उन्हें वनडे सीरीज के लिए चुना ही नहीं गया है. दूसरी ओर अभिषेक शर्मा, जो जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में शतक लगाकर आए हैं उन्हें किसी भी टीम में जगह नहीं मिली है. चयनकर्ताओं के लिए शायद भारतीय टीम की सफलता कुछ मायने नहीं रखती है. फिर भी मेरी शुभकामनाएं टीम के साथ हैं.

## प्रथम पेज का शेष

*एक सॉफ्टवेयर अपडेट और 15 घंटे ...*

लेकिन उन्हें सुलझा लिया गया है या सुलझाया जा रहा है। इस दौरान भारत में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत कार्यरत इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) भी सक्रिय हुई और दोपहर बाद एक एडवाइजरी जारी कर माइक्रोसॉफ्ट का सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करने वालों को एहतियाती तौर पर कुछ कदम उठाने की सलाह दी। इसमें लोगों को विंडोज को सेफ मोड में बूट करने को कहा गया। साथ ही क्राउड स्ट्राइक के पोर्टल से अपडेट जानकारी लेने को भी कहा गया।

भारत के एनआईसी पर नहीं पड़ा असर : वैष्णव- देर शाम इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, उनका मंत्रालय (एमईआईटीवाई) लगातार माइक्रोसॉफ्ट के साथ संपर्क में है। साथ ही सीईआरटी-इन भी सिस्को (वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी) के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है ताकि बेहद महत्वपूर्ण निकायों को सुरक्षित किया जा सके। गड़बड़ी की पहचान की जा चुकी है और इसका समाधान निकाला जा रहा है। सभी प्रभावित कंपनियां अपने सिस्टम को अपग्रेड कर रही हैं और कई मामलों में सिस्टम में सुधार किया जा चुका है। वैष्णव ने स्पष्ट किया है कि भारत के नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सिस्टम (एनआईसी) पर कोई असर नहीं पड़ा है।

विमान यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश- देश के उड्डयन सेक्टर पर इसका बड़ा असर पड़ा। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट की समस्या ने देशभर में उड़ानों को बुरी तरह से प्रभावित किया है। राममोहन नायडू, नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर माइक्रोसॉफ्ट की समस्या से भारत में उड़ानों में अप्रत्याशित तौर पर विलंब हुआ है। हमने एयरलाइनों और हवाई अड्डों को निर्देश दिया है कि वे प्रभावित यात्रियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखें। विलंब से प्रभावित यात्रियों को समय पर खाना, पानी या उनके बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। इसके अलावा विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ मिलकर यात्रियों को हाथ से लिखा हुआ बोर्डिंग पास जारी करने की व्यवस्था भी की गई है। यात्रियों को कहा गया है कि वे एयरलाइन कंपनियों के स्टाफ के साथ सहयोग करे। सबसे ज्यादा इंडिगो की उड़ानें प्रभावित- खबर लिखे जाने तक जो सूचना मिली थी, उसके मुताबिक आउटेज से सबसे ज्यादा इंडिगो एयरलाइन की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। कंपनी ने बताया कि बुकिंग, चेकिंग, बोर्डिंग पास जारी करने का काम प्रभावित हुआ है। कंपनी ने अपनी करीब 200 उड़ानों को रद्द कर दी है। स्पाइसजेट, अकासा एयर, विस्तारा जैसी एयरलाइनों को भी तकनीकी स्तर पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, इससे कामकाज प्रभावित हुआ है और मैनुअल तरीके से सारा कामकाज करना पड़ रहा है। भारत का वित्तीय सेक्टर सुरक्षित- शुक्रवार शाम को रिजर्व बैंक ने एक बयान जारी कर बताया कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में बड़े स्तर पर गड़बड़ी ने सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े तमाम सेक्टरों पर असर डाला है। रिजर्व बैंक ने अपने नियमन में आने वाले सभी संस्थानों की स्थिति की समीक्षा की है। अच्छी बात यह पता चली कि भारत में अधिकांश बैंक क्लाउड सिस्टम पर काम नहीं कर रहे हैं और बहुत ही कम बैंक क्राउड स्ट्राइक सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहे हैं। आरबीआई ने पाया है कि 10 बैंक या गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर मामूली असर पड़ा है। मोटे तौर पर वैश्विक स्तर पर जो अफरातफरी मची, भारतीय वित्तीय सेक्टर उससे सुरक्षित बचा हुआ है। आरबीआई ने अपने नियमन के तहत आने वाली एजेंसियों को एहतियाती कदम उठाने का भी निर्देश दिया है।

*साय कैबिनेट ने रद्द किए जमीन पट्टे के पुराने...*

शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी हक प्रदान करने के संबंध में 24 फरवरी 2024 को जारी परिपत्र शामिल हैं। ये अहम फैसला भी हुआ- बैठक में जीएसटी कॉउंसिल द्वारा इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर के संबंध में आगत कर प्रत्यय लिये जाने के प्रावधान को युक्तियुक्त बनाने एवं पान मसाला, गुटखा इत्यादि के विनिर्माण में लगने वाले मशीनों के रजिस्ट्रीकरण के लिए अधिनियम में कुछ संशोधन का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय के परिपेक्ष्य में केन्द्रीय माल और सेवा कर संशोधन अधिनियम 2024, 15 फरवरी 2024 अधिसूचित है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 में भी तद्नुसार संशोधन किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

*बजट से पहले सरकार पर बरसी कांग्रेस...*

उसमें 37 प्रतिशत कामकाजी महिलाएं अवैतनिक हैं और ग्रामीण क्षेत्र में ये आंकड़ा 43 प्रतिशत के भयावह स्तर पर है। तीसरा क्या यह सही नहीं कि नोटबंदी, जीएसटी और कोविड-19 के तीहरे प्रभाव के कारण अनौपचारिक मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में सात वर्षों में 54 लाख नौकरियां खत्म हो गईं।

*मुख्यमंत्री-गृहमंत्री ने शहीद जवान को...*

पुलिस के अनुसार दंतेवाड़ा, सुकमा व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों की दरभा डिवीजन, पश्चिम बस्तर डिवीजन व मिलिट्री कंपनी नंबर दो के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना के बाद सोमवार को तीनों जिलों के सुरक्षा बल की ओर से संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

अभियान के दौरान बुधवार रात 10 बजे एसटीएफ की टीम नक्सलियों आइईडी विस्फोट की चपेट में आ गई। बलिदानी जवान प्रधान आरक्षक भरतलाल साहू रायपुर के सड्डू व आरक्षक सत्तेर सिंह नारायणपुर के निवासी थे। उन्हें जगदलपुर में अंतिम सलामी दी गई। घायल प्रधान आरक्षक पुरषोत्तम नाग, आरक्षक संजय मंडावी, कोमल यादव व सियाराम शोरी को रायपुर लाया गया।

*अमित शाह ने की हाई लेवल मीटिंग ...*

जम्मू-कश्मीर में बढ़ती चुनौतियां- यह उच्च स्तरीय बैठक जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा चुनौतियों के बीच हुई, जहां हाल ही में आतंकी वारदातों में वृद्धि हुई है। शाह ने सभी प्रतिभागियों से मल्टी एजेंसी सेंटर में सहभागिता बढ़ाने और इसे एक समेकित मंच बनाने के लिए कहा, जो सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों, (शेष पृष्ठ 6 पर...)एंटी-ड्रग एजेंसियों, साइबर सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों को निर्णायक और त्वरित कार्रवाई के लिए एक साथ लाता है। गृह मंत्री शाह ने कहा एमएसी ने अपने घटकों का विश्वास अर्जित किया है और इसे कई हितधारकों, जिनमें अंतिम-मील प्रतिक्रिया देने वाले भी शामिल हैं, के बीच वास्तविक समय में कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी साझा करने के लिए 24×7 काम करना जारी रखना चाहिए।

तकनीकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल- शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा में शामिल सभी एजेंसियों के युवा, तकनीकी रूप से कुशल और जुनूनी अधिकारियों की एक टीम बनाने पर जोर दिया, जो बिग डेटा और एआई/एमएल संचालित विश्लेषण और तकनीकी प्रगति का उपयोग करके आतंकी इको-सिस्टम को खत्म कर सके। साथ ही गृह मंत्री ने दोहराया कि नए और उभरते सुरक्षा चुनौतियों के सामने हमें हमेशा अपनी प्रतिक्रियाओं में एक कदम आगे रहना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचे को इसकी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए एक प्रमुख तकनीकी और संचालनात्मक पुनरुद्धार से गुजरना होगा।

*2075 तक अर्थव्यवस्था में अमेरिका को...*

इस क्षेत्र का मूल्य वर्तमान में 4.3 बिलियन डॉलर है, जो साल 2029 तक बढ़कर 15 बिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगा। देश में डिजिटल पेमेंट का चलन तेजी से बढ़ रहा है। साल 2030 तक यह दोगुना होकर 7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में भी मजबूती हासिल की है और विस्फोटक पदार्थों के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। 'एसईबीईएक्स-2' नामक विस्फोटक टीएनटी से दोगुने से अधिक शक्तिशाली हैं।

पीएम ने बताया, देश ने क्या-क्या तरक्की की- पीएम मोदी ने सूर्य मिशन की सफलता के बारे में भी बताया कि भारत के सूर्य मिशन 'आदित्य-एल1' ने सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु के चारों ओर अपनी पहली प्रभामंडल कक्षा पूरी की। इसके अलावा यह भी जानकारी दी कि मुंबई में 12 किलोमीटर लंबी ठाणे-बोरीवली ट्विन सुरंग का उद्घाटन किया गया। आर्थिक मोर्चे पर देश तेजी से तरक्की कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। अनुमान है कि साल 2075 तक भारत अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

*कोयला घोटाले में बड़ी खबर...*

चालान पेश हो सकता है। नकली होलोग्राम मामले में 4 आरोपियों को 31 जुलाई तक भेजा जेल- कली होलोग्राम केस में ईओडब्ल्यू ने गुरुवार को चार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। इसमें प्रिज्म होलोग्राम कंपनी के छत्तीसगढ़ स्टेट हेड दिलीप पांडे, दीपक दुआरी, अमित सिंह, अनुराग द्विवेदी का नाम शामिल हैं। जहां 3 दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। चारों आरोपियों को कोर्ट ने 31 जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया है। आपको बता दें कि, इससे पहले ये आरोपी एसीबी की 7 दिन की रिमांड पर भी रह चुके हैं। चारों आरोपियों से एक साथ पूछताछ की जा चुकी है।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला भाजपा मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी की कार्य समिति की बैठक सामुदायिक भवन मोहला में रखी गई। उक्त बैठक में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे भाजपा, जिला प्रभारी कोमल जंघेल, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात अतिथियो का स्वागत किया गया एवं जिला अध्यक्ष मदन साहू द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ते हुए दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं जिला उपाध्यक्ष खोरबहरा यादव द्वारा उद्घाटन भाषण दिया गया उद्घाटन भाषण के बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने एवं नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव जिला उपाध्यक्ष रमेश हिडामे ने प्रस्तुत किया, इसी कड़ी में जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय का संसद भवन में दिया गया अभिभाषण का वाचन किया, जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष लखन कलामें ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक सत्र की शुरुआत करते हुए जिला प्रभारी कोमल जंघेल ने पार्टी संगठन द्वारा दिए गए कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी आने वाले 3 महीना में संगठन द्वारा दिए गए नए कार्यों की योजना बताई उन्होंने कहा जिला कार्य समिति की बैठक हर तीन माह में आहूत की जाएगी जिसमें पूर्व के कार्यों की समीक्षा एवं नए कार्यों को बताया जाएगा जिला कार्य समिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप शामिल सांसद संतोष पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में जिले से मिली हार की समीक्षा करने के निर्देश दिए उन्होंने कड़े शब्दों में पदाधिकारी को संबोधित करते हुए अपनी बात रखी बैठक का संचालन जिला महामंत्री नम्रता सिंह ने किया एवं आभार व्यक्त राजू टांडिया ने किया। उक्त बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर खंडेलवाल, सुश्री कंचनमाला भुआर्य,जिला मंत्री पवन गुप्ता, जिला मंत्री योगेंद्र कोडपे, महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रियाजुद्दीन राजू कुरैशी, प्रदेश भाजयुमो मंत्री आलोक श्रुति व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोहन जैन जिला कोषाध्यक्ष विजय जैन सतीश दुबे, रतन ताराम, शत्रुघन चुरेन्द्र,पूर्व जिला मंत्री एवं जिला कार्य समिति सदस्य राजेश सिंगी, श्रीमती राधिका अंधारे, श्रीमती संगीता मिश्रा, पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक नोहर सिंह धनंजय, भारत भूषण राजपूत, देवनारायण कुम्भकार, गौरी शंकर गुरले, सतीश शर्मा, सैयद अजहरुद्दीन, सुरेश नेताम, निखिल झा, कार्यालय प्रभारी शत्रुघ्न कोलियारे, सहित सभी कार्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।



सांसद संतोष पांडे एवं जिला प्रभारी कोमल जंघेल ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित

# विद्युत विभाग की लापरवाही : खेत में काम करने गए युवक की बिजली तार के चपेट में आने से मौत

## पहले भी एक युवक और कई मवेशियों की जा चुकी है जान

कवर्धा (दावा). छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिला के पिपरिया में विद्युत विभाग की लापरवाही से आज एक और युवक की मौत हो गई. युवक अपने खेत में काम करने के लिए गया हुआ था, जहां महीनों से पड़े डिस्मेंटल तार को वह हटाने की कोशिश कर रहा था. तार बिजली के हाईटेंशन तार से जुड़ा था, जिससे करेंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. वहीं इस मौत के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ काफी हंगामा किया. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, इससे पहले भी बिजली विभाग की लापरवाही के चलते गांव में एक युवक की मौत हो चुकी है. इतना ही नहीं कई किसानों की गाय-भैंसे भी खुले में पड़े बिजली के तार की चपेट में आ चुके हैं. लगातार हो रही दुर्घटनाओं के लिए ग्रामीणों ने विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है. पूरा मामला चरडोंगरी गांव की घटना पिपरिया थाना क्षेत्र का है.

एक ग्रामीण ने बताया कि मृतक युवक जलेश्वर साहू अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए अकेला व्यक्ति था. उसके पिता अपंग हैं और तीन महीने पहले ही जलेश्वर की शादी हुई थी. युवक के मृत्यु के बाद परिवार में मातम पसर गया है और अब उसके परिवार का पालन पोषण करने वाला कोई नहीं है. इसलिए विभाग को उसके परिवार को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा देना चाहिए, जिससे परिवार का भरण पोषण किया जा सके.

# न्याय नहीं मिलने पर प्रशासन से मांगी ईच्छा मृत्यु

**बालोद (दावा) . न्याय पालिका एक ऐसा स्थान है, जहां हर फरियादी को उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास होता है कि अपने ऊपर हो रहे अन्याय पर उन्हें न्याय मिलेगा. इसी उम्मीद के साथ फरियादी अपना फरियाद लगाता है, किंतु प्रक्रिया इतना पेचिदा होता है या कभी-कभी बना दिया जाता है कि फरियादी की उम्मीद टूटने लगता है.**



बालोद जिले के ग्राम फरदडीह निवासी पीड़ित जिलेराम के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है. परेशान किसान ने कलेक्टर से इच्छा मृत्यु की मांग की है. यह मामला देवरी तहसील का है. बता दें कि इसी तहसील के तहसीलदार को कुछ दिनों पहले जिले के प्रभारी मंत्री व डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पैसे लेकर किसानों का काम करने की शिकायत पर तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु को सस्पेंड किया था. दरअसल जीवन के अंतिम पड़ाव में एक पिता अपने ही बड़े बेटे से छोटे बेटे को उनका हिस्सा दिलाने देवरी तहसील न्यायालय में एक साल पहले आवेदन किया. किसान की मानें तो विवादित कृषि भूमि को अपने द्वारा पत्नी के नाम से खरीदने के दौरान दो बेटी और तीन बेटों के नाम में रखा था, जिन्हें पत्नी के देहांत होने के कुछ साल बाद परिवार के किसी भी सदस्य को जानकारी दिए बिना धोखाधड़ी कर बड़े बेटा का नाम कर दिया गया. पीड़ित पिता का कहना है कि मुझे कुछ नहीं चाहिए, मेरे मरने के बाद सब कुछ इन्ही का है. मेरे जीवन रहते तक घर में आश्रय और दो वक्त का भोजन दे. छोटे बेटा को उनका हिस्सा दे दिया जाए, ताकि छोटे बेटा को अपने बच्चों के जीवकापालन में कृषि भूमि सहारा बन सके. वैसे भी बेटियों ने तो हिस्सा लेने से मना कर दिया है, जिसे लेकर पीड़ित पिता ने देवरी तहसील से लेकर डौंडीलोहारा एसडीएम, बालोद कलेक्टर और पुलिस में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. इसके बाद दोबारा देवरी तहसील में आवेदन किया. आरोप है कि तहसीलदार के बाबू पैसे की मांग कर रहे हैं और पैसे नहीं देने पर पिछले एक साल से बस पेशी की तारीख देकर प्रताड़ित कर रहे हैं. इससे परेशान किसान बालोद कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर को आवेदन देकर इच्छा मृत्यु की मांग की है. उन्होंने बताया कि अब खाना भी नसीब नहीं हो रहा. किसी तरह गुजारा चल रहा है.

मीडिया को अपनी पीड़ा बताते हुए पीड़ित किसान ग्राम फरदडीह के पीड़ित पिता जिलेराम की आंखों से आंसू छलक पड़े. इस मामले को लेकर अपर कलेक्टर ने कहा, आवेदन में जो बात लिखी है अगर वह सत्य है तो अपराध है. जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा. शिकायत सही पाए जाने पर दोषी की खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

# पहली बारिश में स्वामी आत्मानंद स्कूल में भरा पानी

बालोद (दावा)। जिले का कन्नेवाड़ा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के संधारित भवन पहली ही बारिश में जवाब दे दिया है। दीवारों से पानी का रिसाव होने लगा है। खिड़कियों के दीवालों से झरनों की तरह पानी गिरता है और फर्श पर भी पानी भरा रहता है, जिससे स्कूली बच्चों को पढ़ने में काफी दिक्कतें हो रही हैं।

बता दें कि कन्नेवाड़ा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जिसके पुराने भवन को तोड़कर लगभग 35 लाख की लागत से संधारण किया गया है। छत को तोड़कर नया छत बनाया गया है। भवन बनकर तैयार तो हुआ है पर इसका हैंडओवर नहीं हो पाया है। जगह की कमी की वजह से बच्चों को उस संधारित भवन में बैठाया जा रहा है।

### कीचड़ में फिसलने का लगा रहता है डर

कक्षा नौवीं के छात्र जयदीप देवांगन ने बताया कि नए भवन में हमें बैठाया गया लेकिन जब एक दिन बारिश हुई तो पूरा पानी सीपेज होकर फर्श पर भर गया। जिसके कारण हमें किताब कापी के भींगने का डर है। कमरा कीचड़ से भर आता है जिसके चलते फिसलने का डर बना रहता है।



30-35 लाख की लागत से हुआ काम, नहीं हुआ हैंडओवर

### 30 से 35 लाख की लागत से हुआ काम

विद्यालय की प्राचार्य कविता वानखेड़े ने फोन के जरिए भवन की जानकारी दी कि यह संधारण का कार्य है जिसके लिए दुर्गा के एक ठेकेदार इसका नाम सत्य प्रकाश शुक्ला है उसे ठेका दिया गया था। ठेके का कार्य ऊपर से हुआ था और जब हमने निर्माण कार्य संबंधित बोर्ड लगाने की बात की तो ठेकेदार ने बोर्ड लगाने से मना कर दिया।

प्राचार्य ने कहा कि अब तक जल भराव जैसी स्थिति तो हमने देखा नहीं है। प्राचार्य कविता वानखेड़े ने बताया कि पहले ठेकेदार द्वारा 35 लाख की लागत बताई गई थी जिसके बाद अब ठेकेदार द्वारा इसे 30 लाख रुपए बताई जा रही है और बिल्डिंग को हैंडओवर नहीं किया गया है पर बच्चों की व्यवस्था के लिए उन्हें बैठाया जा रहा है।

### पूरी भवन को दुरुस्त किया जाएगा- जिला प्रशासन

अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि यदि इस मामले में हैंडओवर नहीं किया गया है, तो फिर पूरी भवन को दुरुस्त करने का काम किया जाएगा। भवन दुरुस्त होने के बाद ही उसे हैंडओवर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जब तक पूरी तरह संतुष्टि नहीं मिल जाती ठेकेदार का पेमेंट भी रोक दिया जाएगा। बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा से जुड़ा हुआ सवाल है इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाएगा। प्रतिवेदन भी लिया जाएगा।

### ये कैसा संधारण

पुराने भवन जैसे भी होते थे काफी मजबूत होते थे, लेकिन बच्चों को इस तरह की समस्या नहीं होती थी। अब जब संधारण कार्य किया गया है तो बच्चे नए भवन से काफी अंसतुष्ट नजर आ रहे हैं। किसी भी कमरे में वेंटिनेशन नहीं बनाया गया है और घटिया स्तर का कार्य किया गया है।

# जनदर्शन में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर जनदर्शन में आज 22 आवेदन प्राप्त हुए प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीयन करने के साथ ही संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। जनदर्शन में आज अं.चौकी विकासखण्ड के ग्राम भड़सेना निवासी रामप्रसाद टांडिया ने बीमारी का इलाज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। रामप्रसाद ने आवेदन देते हुए बताया कि घर की आर्थिक स्थिति खराब हैं। वे गंभीर बिमारी पथरी से ग्रसित है। उन्हें परिवार से किसी प्रकार का सहायता नही मिल रहा है।

इसी तरह मोहला विकासखण्ड के ग्राम वासड़ी के समस्त ग्रामवासीयों ने हाई स्कूल वासड़ी में विषयवार शिक्षक व्यवस्था कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम बोइरडीह निवासी शिवकुमार ने पंचायत तालाब में मछली पालन करने पट्टे पर लेने तथा मानपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचालफड़की पंचायत ख्वासफड़की के ग्रामवासियों ने नदी किनारे विद्युत कनेक्शन प्रदाय करने आवेदन दिया। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुँचे थे।

# संविधान हत्या दिवस से हत्या शब्द हटाया जाए - खोब्रागढ़े

राजनांदगांव (दावा)। अनेक आंबेडकरी संस्थाओं से जुड़े विश्व बौद्ध संघ के सचिव वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रत्येक 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाने हेतु नोटिफिकेशन जारी किया है।

स्मरण रहे 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र एवं संविधान पर क्रूर आक्रमण किया था तब भारतीय संविधान में राष्ट्रीय संकट के समय आपातकाल लगाने का प्रावधान था, किन्तु इंदिरा जी ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश के नामी-गिरामी नेताओं सहित निर्दोषों को कारागार में डाल दिया था। कुछ समय पश्चात आपातकाल हटाकर चुनाव कराए गए इंदिरा जी की भारी पराजय हुई और सत्ता से हाथ धोना पड़ा। देश में गैर कांग्रेसी सरकार पहली बार बनी। इसने चुन-चुनकर मीसा बंदियों को रेवडियाँ बांटी, मीसा बंदियों के सहायता के नाम पर सरकारी खजाना खोल दिया गया था। अब 50 वर्षो बाद केन्द्र की भाजपा गठबंधन सरकार आपातकाल को राजनीतिक हथियार बनाने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का ऐलान कर चुकी हैं। सरकार आपातकाल को लेकर विरोध दिवस मनाएं इसमें कोई आपत्ति नजर नहीं आती लेकिन संविधान के साथ हत्या शब्द जोड़कर अपने अविवेक का ही प्रदर्शन कर रही हैं। वर्तमान सरकार के अनुसार आपातकाल में संविधान की हत्या की गई, यानी भारतीय संविधान मर गया। अब प्रश्न उठता है कि जब संविधान मर गया है, तो 1975 के बाद जो सरकारें बनी और चली तो क्या बिना संविधान के चली? आज मोदी जी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं, तो क्या बिना संविधान के बन गए? आज न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका और भारत की गौरवशाली सेना किसके माध्यम से कार्य कर रही है? भारत संतों का देश है। भारतीय जनता पार्टी संतों-महात्माओं का बड़ा आदर करती है। संतों ने कहा है, इस शब्द में शब्दभेद है, शब्द के हाथ न पांव! एक शब्द औषधी करें, एक शब्द करें घांव!! संविधान के साथ हत्या शब्द जोड़कर केन्द्र सरकार ने संविधान को मानने, चाहने वालों के हृदय में घांव कर दिया है। सरकार संविधान हत्या दिवस से हत्या शब्द हटाकर सद्बुद्धि का परिचय दें।

# पेड़ लगाबोन- पैसा कमाबोन के उद्देश्य को लेकर हरियाली बहिनी द्वारा आयोजित

मोहला (दावा)। पेड़ लगाबोन-पैसा कमाबोंन के उद्देश्य को लेकर हरियाली बहिनी द्वारा आयोजित दिनांक 16 एवं 17 जुलाई दो दिवसीय महिला पदयात्रा में कलेक्टर श्री जयवर्धन, पद्मश्री फुलबासन यादव, आई.आई.टी दिल्ली के प्रोफेसर श्री पराग, छात्र, हरियाली बहिनी अभियान के संस्थापक शिवकुमार देवांगन, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में हरियाली बहिनी पदयात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा में शामिल गांव में आम पौधे का रोपण, ग्राफ्टिंग करते हुए पदयात्रा की गई, पदयात्रा 16 जुलाई को ग्राम- मचान्दुर से प्रारंभ होते हुए गिधाली, दुग्गाटोला, पिडिंगपार में रात्रि विश्राम किया गया। 17 जुलाई को ग्राम- चिहकाटोला, तेलीटोला एवं केवटटोला में समापन किया गया।




दो दिवसीय महिला पदयात्रा

पदयात्रा के समापन सत्र में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने हरियाली बहिनी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि, आज हरियाली बहिनी गांव- गांव में बड़ी संख्या में फलदार पौधा लगवा रही है, इससे पर्यावरण अच्छा रहेगा साथ ही लोगों की आय भी बढ़ेगी। महिलाओं के कार्य को देखने आज हमारे बीच आई.आई.टी दिल्ली जैसी बड़ी संस्था जिले में पहुंचे है ये हम सबके लिए गौरव की बात है। इस दौरान पद्मश्री फुलबासन यादव ने कहा कि महिला पदयात्रा हमारी संस्था हर वर्ष करती है इस बार हरियाली बहिनी द्वारा पदयात्रा का आयोजन कर पेड़ लगाबोन- पैसा कमाबोंन का नारा देते हुए जन आंदोलन का रूप देने में सफल होते हुए दिखाइ दे रही है। इस अभियान से महिलाओं की आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। आई.आई.टी. के प्रोफेसर श्री पराग ने कहा कि यह पहला यात्रा है जहां पर महिलाये स्व-फुर्त होकर आगे आ रहे है पदयात्रा का नेतृत्व कर रही है, महिलाओं का अभूतपूर्व उत्साह है। जिससे पेड़ लगाबोन- पैसा कमाबोन अभियान सफल होगी। हरियाली बहिनी अभियान के संस्थापक शिवकुमार देवांगन के कहा कि, हरियाली बहिनी निःशुल्क सेवा देकर लोगों को फलदार पौधा लगाने के फायदे से अवगत करा रही है। साथ ही देशी आम में उच्च क्वालिटी आम का ग्राफ्टिंग कर रही है। ताकि 2-3 वर्षो में फल से आमदनी मिले सके।

# गुरु चरणों में भेंट ग्रीन संस्कारधानी एवं प्लास्टिक मुक्त राजनादगांव का लिया जाएगा संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल, कार्यकारिणी सदस्य महेश खंडेलवाल ने बताया कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन को व्यास पूर्णिमा कहा जाता है। महर्षि व्यास ऋषि के जन्मदिवस को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है इस दिन त्रिदेव ब्रह्मा विष्णु और महेश की शक्ति गुरु रूप में समाहित होती है इस दिन सद्गुरु दर्शन महाफलदाई माना जाता है रात्रि को पूर्णिमा का चंद्र दर्शन करना चाहिए यह बड़ा ही शुभ माना जाता है विश्व जागृति मिश मंडल कल 21 जुलाई दिन रविवार गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्ति भाव से मनाएंगे।



कार्यक्रम स्थल सद्गुरु कृपा छाया धाम झूलेलाल मंदिर लालबाग में सद्गुरु सुधांशु जी महाराज का भव्य दरबार रंग-बिरंगे पुष्पों से सुसज्जित कर सजाया जाएगा प्रातः 9:00 बजे दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि श्री निर्भय लालगढ़पायले द्वारा किया जाएगा प्रातः 9:10 बजे हम सबके प्यारे प्रातः स्मरणीय परमपूज्य सद्गुरु सुधांशु जी महाराज की चरण पादुका पूजन प्रातः 9:20 बजे सामूहिक गुरु मंत्र साधना, प्रातः 9:45 बजे से सद्गुरु भक्ति रस धारा प्रातः 11:00 बजे सदगुरु श्री सुधांशु जी महाराज की 21 दीपों से सुसज्जित दिव्य भव्य महाआरती की जाएगी तत्पश्चात गुरु चरणों में भेंट संस्कारधानी राजनादगांव को ग्रीन एवं प्लास्टिक मुक्त राजनादगांव का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा महाप्रसाद वितरण के साथ सद्गुरु अमृत ज्ञान गंगा जीवन संचेतना वितरण उपस्थित भक्तजनों को किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है समस्त गुरु भक्तों से अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल ने की है। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

# नियत तिथि बीत जाने के बाद भी नहीं बन रहा आय प्रमाण पत्र तहसीलदार की कार्य शैली में प्रश्न चिन्ह

गंडई पंडरिया(दावा)। स्कूली बच्चों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ सही ढंग से और समय से पहले मिले इसके लिए शासन ने ऑफलाइन को बंद कर ऑनलाइन आवेदन पत्र दस्तावेज सहित लोक सेवा केंद्र के माध्यम से दी जा रही है, पालक वर्ग इन दोनों लोक सेवा केदो में पहुंचकर जल्द प्रमाण पत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं ताकि छात्रवृत्ति योजना का लाभ सही समय पर मिल सके सूत्र बताते हैं कि लेट लतीफी की वजह से शासकीय योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र में नहीं मिल पाता हितग्राहियों को तहसील का चक्कर काटना न पड़े इसके लिए लोक सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करके एक से दो सप्ताह के अंदर प्रमाण पत्र तहसीलदार के डिजिटल साइन के द्वारा जारी किया जाता है।




समय सीमा में प्रमाण पत्र जारी करना होता है, अगर विलंब हुआ तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने का भी प्रावधान रखा गया है ग्रामीण क्षेत्र से भी हितग्राही लोक सेवा केंद्र का चक्कर लगाते है लेकिन काम नही होने पर मायूस लौट जाते हैं वहीं पालक सूत्रों का कहना है की तहसील कार्यालय में चल रहे गोरख धंधे पैसा दो सर्टिफिकेट ले जाओ से त्रस्त होकर अब विरोध के स्वर निकलने लगे हैं, सूत्रों का कहना है कि सैकड़ों आय प्रमाण पत्रों की जांच तहसीलदार के द्वार अनुमोदन के अभाव में पेंडिंग पड़ा हुआ है।

जिसको तहसीलदार ने अभी तक ओपन करके नहीं देखे हैं तो कहां से हितग्राहियों को डिजिटल साइन वाला आय प्रमाण पत्र बनकर लोक सेवा केंद्र से मिल जाएगा, बताया जाता है कि लोक सेवा केंद्र के ऑपरेटर तहसीलदार के रीडर को ऑनलाइन उसकी आईडी में आवेदकों की समस्त दस्तावेज को भेजा जाता है जिसे तहसीलदार के रीडर के द्वारा देखकर उसे अनुमोदन के लिए तहसीलदार की आईडी में भेजा जाता है तभी तहसीलदार के द्वारा जांच पड़ताल कर डिजिटल साइन अनुमोदन करके ऑनलाइन भेजा जाता है जिसे लोकसभा केंद्र के माध्यम से डिजिटल साइन वाला आय प्रमाण पत्र बनकर मिलता है।

*वर्जन..... भिग्येश यादव ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गंडई का कहना है की गरीब किसान मजदूर के परिवार के साथ तहसील कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अन्याय कर रही है समय अवधि में कार्य पूरा नहीं होने के कारण हर तबके के लोग परेशान हैं तहसीलदार के कार्य शैली को लेकर प्रश्न चिन्ह भी खड़े हो रहे हैं।*

*वर्जन..... तहसीलदार प्रीती लारोकर का कहना है की मेरे पास तो पेंडिंग में नही है, फिर भी मैं रीडर को पूछती हूं,अगर पेंडिंग होगा तो अनुमोदन किया जाएगा,दिक्कत नही होगी।*

# वार्डों का परिसीमन: बड़ी संख्या में मोहारा वार्ड के लोगों ने निगम में बोला धावा

## निगम में अभी तक 26 की संख्या में दावा-आपत्ति जमा, 22 जुलाई अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। इस साल के अंतिम में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के पहले शासन के निर्देशानुसार वार्डों का परिसीमन किया गया है। राजनांदगांव नगर निगम के 51 वार्डों का परिसीमन कार्य पूरा किया जा चुका है तथा इसकी पहली सूची का प्रकाशन 15 जुलाई को कर दी गई है। इस बीच वार्डों के परिसीमन को लेकर विरोध होना शुरू हो गया है। कांग्रेस ने तो परिसीमन कार्य के चलते ही विरोध के स्वर मुखरित कर दिए थे। वही शहर के कुछ वार्डों में अपने वार्डों के परिसीमन को लेकर आवाज उठनी शुरू हो गई है। शुक्रवार को मोहारा वार्ड नं. 47 के लोगों ने अपने पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि के साथ नगर निगम में धावा बोला और उसके वार्ड की मतदाता संख्या को कम किए जाने को लेकर रोष प्रकट करते हुए आपत्ति व्यक्त की है। वार्ड वासियों द्वारा कहा गया है कि मोहारा वार्ड को यथावत नहीं रखा गया तो चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

बताते चले कि परिसीमन के बाद आरक्षित वार्डों में भी बदलाव की संभावना है। हालांकि यह स्थिति अंतिम प्रकाशन के बाद ही साफ होगी वार्डों में अनुसूचित जाति और जनजाति की जनसंख्या के आधार पर वार्डों को आरक्षित श्रेणी में रखा जाएगा। आरक्षित वार्ड राज्य स्तर पर निर्धारित होंगे। इधर नए परिसीमन के साथ ही पार्षद के लिए पुराने रोस्टर से चल रहे आरक्षण की प्रक्रिया भी खत्म हो गई है। अब वार्डों में पार्षद सीट का आरक्षण नए सिरे से किया जाएगा।

### इन वार्डों के सीमाओं में हुआ बदलाव

वार्डों के परिसीमन के बाद जिन 23 वार्डों की सीमाएं बदली है उनमें से वार्ड क्रं. 2 जहां सिर्फ 18 सौ मतदाता संख्या है। वार्ड क्रं. 3, 5, 6, 15, 16, 20, 22, 23, 24, 25, 29, 30, 31, 32, 33, 49, 41, 42, 43, 46, 47 और वार्ड नं. 50 शामिल है। इन वार्डों की जनसंख्या के अनुपात को देखते हुए वार्ड की सीमाओं को बदलकर जनसंख्या को औसत करने का प्रयास किया गया है। जबकि शेष 28 वार्डों में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। परिसीमन में सन् 2014 के अनुरूप वार्डों की औसत जनसख्या 3198 में रखी गई है। परिसीमन में शहर का सबसे छोटा वार्ड रहे मेडिकल वार्ड नं. 21 को पेंड्री वार्ड नं. 20 में शामिल कर दिया गया है। यहां सिर्फ 390 ही मतदाता थे। इसी तरह कैलाश नगर वार्ड को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया गया है। कैलाश नगर वार्ड क्रं. 30 को विभाजित कर वार्ड क्रं. 29 बनाया गया है। इसकी जन संख्या 2183 है जो शहर का सबसे छोटा वार्ड होगा। हालांकि गौरी नगर, कन्हारपुरी व पेंड्री की जनसंख्या 4 हजार के पार है।

### निगम में बोला धावा

बता दे कि वार्डों के परिसीमन चलते शहर के विभिन्न वार्डों से विरोध के स्वर सुनाई देने लगे है। पेंड्री वार्ड नं. 20 की किसी प्रकार बदलाव नहीं करने तथा सुरक्षित रखने की मांग छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा द्वारा की गई। इधर शुक्रवार को मोहारा वार्ड नं. 47 के लोग अपने वार्ड की जनसख्या को कम करने के विरोध में नगर निगम में धावा बोला। मोहारा वार्ड की पार्षद सरिता प्रजापति व पार्षद प्रतिनिधि तथा पूर्व पार्षद अवधेश प्रजापति के साथ निगम पहुंचे रेमु चन्देल, शिव कुमारी, सरिता निषाद, ललिता, आरती, निर्मला पटेल, नरेश निषाद, धनराज, बलराम देवांगन सहित दर्जनों लोगों ने एसडीएम के नाम निगम में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मोहारा वार्ड के पुरानी बस्ती को स्टेट हाईवे क्रास कर सिंगदई वार्ड नं. 50 में न जोड़े जावे। पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति का कहना है कि एक तो वैसे ही उसके वार्ड की जन संख्या औसत से भी कम 2890 है। उसे और कम किया जा कर उसके वार्ड के लोगों को सिंगदई वार्ड नं. 50 में जद किया जा रहा है जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

अवधेश प्रजापति का कहना है कि उनके वार्ड के लोगों को कम किए जाने से परेशानी होगी। किसी व्यक्ति को पार्षद से अपने आय जाति प्रमाण पत्र व राशन कार्ड अथवा अपनी आवश्यक सेवा का कार्य के लिए करवाने हो तो इसके लिए स्टेट हाईवे क्रास का सिंगदई वार्ड पार्षद व पास जाना पड़ेगा। इससे दुर्घटना होने की संभावना है। ज्ञापन में कहा गया है कि शासकीय नियमों के अनुसार परिसीमन में किसी भी वार्ड को स्टेट हाइवे से अलग रख कर ही परिसीमन किया जाना चाहिए। अतः उनके मोहारा वार्ड की जनसंख्या को और न कम करते हुए सिंगदई वार्ड में न जोड़ा जाए। बहरहाल देखी जाए तो वार्डों की सीमा में बदलाव का असर कांग्रेस-भाजपा के वोट बैंक में पड़ने के पूरे आसार है। इसके लिए अपने-अपने वार्डों के स्तर पर दावा-आपत्ति देनी शुरू हो गई है। नगर निगम में अभी तक 28 की संख्या में दावा-आपत्तियां जमा हो गई है। इसका निराकरण 25 जुलाई तक किया जाएगा।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शहर के विकास के लिए 13 करोड़ 81 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यो का करेंगे भूमिपूजन, डिप्टी सीएम भी होंगे शामिल



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 20 जुलाई 2024 को दोपहर 12 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में शहर के विकास के लिए 13 करोड़ 81 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री व राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। साथ ही सांसद संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा शहर विकास के लिए राशि उपलब्ध करायी गई है, जिसके तहत 13 करोड़ 81 लाख रूपए से वार्डों में विभिन्न विकास कार्य कराया जाएगा। जिसमें अधोसंरचना मद अंतर्गत 754.19 लाख रूपए 42 कार्य अंतर्गत रोड, नाली, भवन, उद्यान एवं अन्य विकास कार्य, 15वें वित्त आयोग योजनांतर्गत 549.56 लाख रूपए से 29 कार्य अंतर्गत सीमेंट कांक्रिटींग रोड, नाली-नाला व फिल्टर प्लांट में विकास कार्य तथा सांसद निधि से 29 लाख रूपए से 9 कार्य अंतर्गत भवन, शेड, पाथवे, मंच निर्माण तथा विधायक निधि, प्रभारी मंत्री निधि अनुशंसा से 49 लाख रूपए से 16 कार्य अंतर्गत भवन, शेड, रोड व नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त ने पार्षदों, नामांकित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओं एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# अंचल के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की ओपीडी सेवाएं आज राजनांदगांव मेडिकोज में

राजनांदगांव (दावा) शहर के हृदय स्थल स्थित सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जी.ई. रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु आज एवं प्रत्येक शनिवार उपलब्ध होंगे। जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन राम दारूका एवं डॉ. रेखराज साहू, नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ.नमन पिंचा अपनी सेवाएं देंगे। राजनांदगांव में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं देने का मुख्य कारण राजनांदगांव में गंभीर मरीजों के इलाज हेतु स्पेशलिस्ट डॉक्टर का अभाव है। किसी भी गंभीर समस्या बीमारी के इलाज एवं परामर्श हेतु ज्यादातर लोग रायपुर एवं अन्य बड़े शहर की तरफ जाते हैं, परंतु अब किसी भी गंभीर बीमारी एवं उसके परामर्श उपचार हेतु बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# भारतमाला परियोजना अंतर्गत हैदराबाद-रायपुर परियोजना के डीपीआर को बंद करने की दी गई सूचना

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण के आदेशानुसार भारतमाला परियोजना अंतर्गत हैदराबाद-रायपुर परियोजना के डीपीआर को बंद करने की सूचना दी गई है। भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण के आदेशानुसार राजनांदगांव जिले के छुरिया तहसील के 18 ग्रामों, डोंगरगांव तहसील के 14 ग्रामों तथा राजनांदगांव तहसील के 17 ग्रामों में भूमि बटांकन, व्यपवर्तन (व्यवसायिक परिवर्तन व गैर कृषि परिवर्तन) तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश को आगामी आदेश पर्यन्त शिथिल किया गया है।

# सावन माह के हर सोमवार को निकलेगी पालकी यात्रा

## स्थानीय कलाकारों को देंगे प्राथमिकता, शिव भक्तों की सादगी, पालकी यात्रा में नहीं बजेगा डीजे



राजनांदगांव (दावा)। सावन के पवित्र माह में संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में हर सोमवार निकाली जाने वाली श्री महाकाल की पालकी यात्रा में अब से कानफोड़ डीजे साउंड नहीं बजाया जाएगा। इसके स्थान पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने पारंपरिक व लोककला को प्राथमिकता दी जाएगी।

रामाधीन मार्ग स्थित महेश्वरी भवन में यात्रा को लेकर गुरुवार को महाकाल भक्तों की हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय किया गया। इसमें यात्रा की रूपरेखा तय की गई। इस वर्ष महाकाल भक्त सेना द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 13 पालकी यात्रा निकाली जाएगी। संस्कारधानी नगरी की पहचान बनती जा रही महाकाल पालकी यात्रा को लेकर इस बार भी भक्तों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। भगवान शिव की आस्था व श्रद्धा वाला पवित्र महीना सावन 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। पहला ही दिन सोमवार पड़ रहा है। महीने में कुल पांच सोमवार पड़ रहे हैं।

**कुल 13 पालकी यात्रा होंगी**

हर सोमवार को शहर के अलग-अलग हिस्से से भक्तों द्वारा श्री महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। मोतीपुर तथा ग्राम पेटेश्री, बोदेला के लोगों के विशेष आग्रह पर यहां से भी पालकी यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि डीजे के बजाय यात्रा में स्थानीय कलाकारों को ही प्रोत्साहित किया जाएगा। बैंड, धुमाल के बजाय छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक कला की प्रस्तुति दी जाएगी।

### सूर्यास्त से पहले होगा यात्रा का समापन

बैठक में महाकाल भक्तों ने सुझाव दिया कि प्रति सोमवार को यह यात्रा तय समय पर निकाली जाए। इसके लिए सभी से समय पर तय स्थान पर पहुंचने का आग्रह किया गया। तय किया गया कि सूर्यास्त के पहले यात्रा को संपन्न करने का प्रयास किया जाएगा। लेटलतीफी के कारण कई तरह की होने वाली असुविधा से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया। ताकि अधिक से अधिक भक्त इसमें सहभागी बन सकें। सांसद संतोष पांडेय की बहन संगीता शुक्ला समेत महिलाएं और बालिकाएं भी बैठक में शामिल हुई। इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और आरएसएस के भी सदस्य पहुंचे थे।

### यहां भी निकलेगी यात्रा

श्री महाकाल पालकी यात्रा संस्कारधानी के साथ धर्मनगरी डोंगरगढ़ व संगीतनगरी खैरागढ़ एवं डोंगरगांव में भी निकाली जाएगी। डोंगरगढ़ में 27 जुलाई, खैरागढ़ में तीन अगस्त, 10 अगस्त को डोंगरगांव तथा 31 जुलाई को ग्राम पंचायत रानीतराई महाराजपुर से पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा मोतीपुर तथा ग्राम पेटेश्री, बोदेला के लोगों के विशेष आग्रह पर यहां से भी पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

### शहर में यहां से निकलेगी महाकाल यात्रा

22 जुलाई को नंदई हाट बाजार से, 29 जुलाई क्लब चौक बसंतपुर से, 5 अगस्त को पुराना ढाबा से, 12 अगस्त को सिंगदई से,19 अगस्त को नगर भ्रमण बैठक में महाकाल भक्त नीलू शर्मा, पवन डागा, कोमल सिंह राजपूत, घनश्याम अग्रवाल, अशोक लोहिया, आवतराम तेजवानी, लक्ष्मण लोहिया, राजा मखीजा, किशन यदु, मानव देशमुख, तथागत पांडे, मनोज बैद, सूरज बुद्धदेव, राजेश जैन, विजय हरिहारनो, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल आदि ने अपने सुझाव रखे। बैठक में बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित हो अपने विचार प्रगट किए। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा के प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# हरियर राजनांदगांव के लिये कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बंगला में लगाये नीम व बेल के पौधे



राजनांदगांव (दावा)। शहर को प्रदुषण मुक्त करने तथा चलव बनाबो हरियल राजनांदगांव की परिकल्पना को सकार करने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मोहला मानपुर के पुलिस अधीक्षक श्री वाय.पी.सिंह तथा निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के साथ आज अपने बंगले में पौधरोपण किये। पौधरोपण के तहत उन्होंने नीम एवं बेल के पौधे लगाये।

पौधरोपण कर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अपील करते हुये कहा कि पौधे लगाने के साथ साथ उसका संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है, तभी पौधे पेड़ का रूप लेगे। उन्होंने कहा कि चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव की परिकल्पना के साथ राजनांदगांव जिले में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी प्रकार एक पेड़ मॉ के नाम शासन की सोच को सकार करने लोगों में उत्साह है और जिले भर में अपनी माता एवं परिवार के नाम लोग पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा के लिये शपथ ले रहे है। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि गत 3-4 वर्षो से नगर निगम द्वारा शहर में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है, इस वर्ष भी सभी वार्डो में स्थान चयन कर पौध रोपण किया जा रहा है। गत वर्ष निगम द्वारा किये गये पौध रोपण का अच्छी तरह से देख-भाल कर रहे है, जिससे अधिकांश पौधे वृक्ष का आकार ले लिये है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने घर एवं संस्थान के सामने लगे वृक्ष की देख-भाल व सुरक्षा करेगा तो हमारा शहर हरा-भरा हो जायेगा।

# हज यात्रा से लौटे गाजी दंपत्ति का हुआ भव्य स्वागत



राजनांदगाँव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं नोटरी श्री हलीम बख्श गाजी अपनी अर्धागिणी श्रीमती सबीहा गाजी के साथ मक्का मदिना से हज यात्रा पूर्ण कर आज दोपहर बाम्बे-हावड़ा कुर्ला एक्सप्रेस से यहाँ पहुँचे। स्थानीय रेल्वे के प्लेटफार्म एक पर परिजनों के अलावा, मित्रों, शुभचिंतकों, अधिवक्ता साथियों के अतिरिक्त नगर के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया और फूल मालाओं से लबालब कर डाला।

स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर प्रमुख रूप से छग उर्दू एकाडमी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अकरम कुरैशी, छग अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान, क्षेत्रीय पार्षद समद खान के अलावा परिवार के सदस्यों एम. सईद खान, मो. जिशान, मो. आशिम, वहिद खान, डॉ. तहजीब अख्तर खान, फिरोज चौहान, नईम बख्श गाजी, सलीम गाजी, रईश खान, गाजी वकील की दोनों पुत्रियों डाली तथा शोभी प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। स्वागत के पश्चात् गाजी दम्पत्ति को उनके निवास स्थान पहुँचाया गया।

बाद में वे गौरीनगर पहुँचकर नूरी मस्जिद गये जुमे की नमाज में शामिल लोगों से मिलने के पश्चात् वे परिजनों के साथ गौरीनगर में निवासरत् परिजनों के घर जाकर फातिया में शिरकत की। नगर व देश में अमन की दुआएँ की, बाद में शाम को अपने पिताश्री डॉ. करीम बख्श गाजी, माता श्रीमती खुर्शीद गाजी, समधि अख्तर खान की कब्र पर फातिया पढ़ी। इस अवसर पर परिवार के सभी लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने उनकी दुआएं मगफिरत की।

# आज डॉ. रमन के अनेक कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल शहर में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे वृक्षारोपण के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे तथा शहर के विभिन्न निर्माण कार्यो का जहां भूमिपूजन करेंगे वही अनेक संपन्न विकास कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 11.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास, शंकर नगर रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 01.00 बजे ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर शहर के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। फिर श्री सिंह दोपहर 02.10 बजे से शाम 05.45 बजे तक विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव रहेंगे फिर वे शाम 06.00 बजे मेडिकल कॉलेज जाकर लायंस क्लब द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने 1 हजार करोड़ रु. अनुदान देकर बिजली बिल में 13 प्रतिशत की वृद्धि रुकवाई

## अनेक संगठनों द्वारा सराहना तथा श्री साय के प्रति जताई कृतज्ञता



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली दरों में राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा जो 1000 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया है उसकी सराहना करते हुए प्रदेश के अनेक उपभोक्ता संरक्षण, औद्योगिक तथा महिला संगठनों ने श्री साय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय को प्रेषित पत्र में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष श्री मोहन एंटी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा 1 जून 2024 को प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो बिजली की नई दरें घोषित की गई है उसमें आपके द्वारा दी गई राहत की बहुत ही विशेष भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि विरासत में नई सरकार को 4 हजार 420 करोड़ रुपए का घाटा तोहफे के रूप में मिला था, यदि उस आधार पर नई बिजली दरें घोषित की जाती तो लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित थी। पत्र में कहा गया है, यह हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश में आपके जैसा सरल, सौम्य, संवेदनशील लेकिन अपने निर्णयों में सुदृढ़ मुख्यमंत्री मिला है। जो 21 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित थी वह आपकी संवेदनशीलता की वजह से ही सभी श्रेणियों में औसतन 8.35 प्रतिशत पर आकर थम गई। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए तो आपका निर्णय वरदान ही साबित हुआ है। आपने एक ओर जहां हॉफ बिजली बिल योजना को जारी रखते हुए अपने वार्षिक बजट में इसका प्रावधान कर दिया है वहीं दूसरी ओर घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में मात्र 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है जो कि नगण्य है तथा एफोर्डेबल है। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए आपने राज्य शासन की ओर से 1000 करोड़ रुपए का जो अनुदान स्वीकृत किया है उसकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम होगी। यह राहत वास्तव में प्रदेश की गरीब एवं मध्यम वर्गीय जनता के लिए बहुत बड़ा आर्थिक संबल साबित होगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उपभोक्ता महासंघ के अध्यक्ष श्री श्याम काबरा ने कहा है कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के हस्तक्षेप से उपभोक्ताओं को बिजली का बड़ा झटका लगने से बच गया। वितरण कंपनी ने 4420 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा अनुमानित किया था। जिसे परीक्षण के बाद आयोग ने 2819 करोड़ रुपए मान्य किया। इसमें भी 1 हजार करोड़ रुपए की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा करने का निर्णय लिया गया। इस तरह बिजली दर में 8.5 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति नहीं किए जाने की स्थिति में 20.45 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित थी।

नवचेतन जनकल्याण एवं महिला उत्थान समिति की सचिव श्रीमती स्वाति कश्यप ने मुख्यमंत्री श्री साय को पत्र भेजकर कहा है- हम प्रदेश की समस्त महिलाओं की ओर से आपका हार्दिक अभिनंदन करते हैं। मातृवंदन योजना के रूप में आपने प्रदेश की मातृशक्ति को जो संबल दिया है उसकी हम मुक्तकंठ से सराहना करते है। इसी तरह प्रदेश में बिजली की दरें अगर 21 प्रतिशत बढ़ जाती तो उसका सर्वाधिक असर महिलाओं पर ही पड़ता। पूर्व सरकार की कुनीतियों का खामियाजा प्रदेश की नारीशक्ति को भुगतना पड़ता।

ऐसे में आपने 1000 करोड़ रुपए का अनुदान देकर एक बड़ी बिजली दर वृद्धि से प्रदेशवासियों को बचा लिया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा 1 जून 2024 को प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो बिजली की नई दरें घोषित की गई है उसमें आपके द्वारा दी गई राहत की बहुत ही विशेष भूमिका रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सरकार ने विरासत में 4420 करोड़ रुपए का घाटा तोहफे के रूप में दिया था, यदि उस आधार पर नई बिजली दरें घोषित की जाती तो लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित थी। पत्र में कहा गया है- हम भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति साधुवाद व्यक्त करते है कि उसने आपके जैसे संवेदनशील व्यक्ति को प्रदेश सरकार की कमान सौंपी है। आपकी कार्यप्रणाली और रीति-नीति के कारण प्रदेश में विद्युत विकास के नये कीर्तिमान बनने भी शुरू हो गये है। हमें विश्वास है कि आप जनहितकारी योजनाओं के सिलसिले को लगातार आगे बढ़ाएंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में आम जनता, गरीबों, किसानों और विशेषकर गृहिणियों के लिए संवेदनशीलता का होना आवश्यक है हमें विश्वास है कि आपकी सरलता, न्यायप्रियता और सजगता का लाभ प्रदेश की सभी बालिकाओं और महिलाओं को मिलेगा।

राज्य शासन की ओर से 1000 करोड़ रुपए का अनुदान देकर विद्युत दर वृद्धि के तूफान को आपने जिस तरह से थाम लिया है उससे हमें आशा बनती है कि भविष्य में भी आप संवेदनशील निर्णय लेंगे। स्वदेशी जागरण मंच की श्रीमती मंजरी बख्शी, अमेटी कॉलेज की प्रोफेसर सुश्री श्रद्धा मिश्रा आदि ने मुख्यमंत्री श्री साय के इस निर्णय की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि बिजली दरों का संतुलन बनाए रखने के लिए 1000 करोड़ रुपए का अनुदान देकर मुख्यमंत्री श्री साय ने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस उपाय से एक ओर जहां विद्युत कंपनी और विद्युत नियामक आयोग को स्वायत्तता के साथ कार्य करने की स्थिति बनी रहेगी, वहीं दूसरी ओर आम उपभोक्ताओं को शासन की ओर से राहत भी मिल सकेगी।

# सीएम की सुरक्षा संभालेंगे लाल उमेंद सिंह : श्यामलाल धावड़े प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन बनाए गए

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने शुक्रवार को भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी डॉ. लाल उमेंद सिंह को मुख्यमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की सुरक्षा का जिममा संभाल रहे प्रफुल्ल ठाकुर को सेनानी चौथीं वाहिनी माना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं आईपीएस राजेश अग्रवाल को डॉ. लाल उमेंद सिंह की जगह बलरामपुर का एसपी बनाया गया है। इसके साथ ही बस्तर के कमिश्नर श्यामलाल धावड़े प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन नियुक्त करते हुए प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

# आबकारी विभाग ने अवैध रूप से परिवहन करते हुए 29.21 बल्क लीटर मदिरा जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी वृत चिचोला द्वारा आज ग्राम चिरचारीकला, थाना गैंदाटोला में आरोपी रेवाराम मंडावी के कब्जे से देशी मदिरा संत्री नंबर 1 (महाराष्ट्र) 60 नग पाव, देशी मदिरा प्लेन 42 नग पाव, महाराष्ट्र की हेवर्डस 5000 बीयर (650 एमएल) 9 नग, हेवर्डस 5000 बीयर (500 एमएल) 9 नग कुल 121 नग कुल मात्रा 29.21 बल्क लीटर जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2),36,59 क आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं स्टाफ निजाम शाह ठाकुर, नागेश निषाद, अनिल सिन्हा शामिल थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com